उज्जैन
रविवार
18
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-77
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



मास्कमैन पंजाबी सिंगर जिनकी दिशा पाटनी से डेटिंग की चर्चा तरनतारन में जन्मे तलविंदर, दिन में जॉब, रात में रिकॉर्डिंग करते, कैलिफोर्निया में रहते

पेज- 8

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने 8 यूरोपीय देशों पर 10% टैरिफ लगाया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोप के 8 देशों पर 10% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की धमकी का विरोध कर रहे थे। ट्रम्प ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड टैरिफ के दायरे में आएंगे। इन पर 1 फरवरी से टैरिफ लागू होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं होता है, तो 1 जून से यह टैरिफ बढ़ाकर 25% कर दिया जाएगा। इससे पहले ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान इन देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी।



## सीरिया में अमेरिका का तीसरा हमला, आईएसआईएस से जुड़े आतंकी लीडर की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने सीरिया में एक और जवाबी हमला किया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक उत्तर-पश्चिम सीरिया में हुए इस हमले में एक आतंकी लीडर मारा गया, जिसका संबंध उस इस्लामिक स्टेट हमले से था, जिसमें पिछले महीने दो अमेरिकी सैनिक और एक अमेरिकी नागरिक दुभाषिया मारे गए थे। केंटकॉम ने बताया कि शुक्रवार को किए गए हवाई हमले में बिलाल हसन अल-जसीम मारा गया। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार वह एक अनुभवी आतंकी ऑपरेटिव था और 13 दिसंबर को हुए हमले से सीधे तौर पर जुड़ा था। इस हमले में अमेरिकी सेना के सार्जेंट एडगर ब्रायन टोरेस-टोवर, सार्जेंट विलियम नथानिएल हॉवर्ड और सिविलियन इंटरप्रेटर अयाद मंसूर साकत की मौत हुई थी।

## सुप्रीम लीडर खामेनेई बोले- ट्रम्प के हाथ खून से रंगे

**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान में हुई हिंसा के बाद 16 और 17 जनवरी को किसी तरह का विरोध प्रदर्शन दर्ज नहीं किया गया। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने पहली बार ये तो माना कि पिछले 28 दिसंबर से जारी प्रदर्शनों के दौरान हजारों लोग मारे गए। पर इन मौतों के लिए उन्होंने अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया। खामेनई ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हाथ खून से रंगे हैं। खामेनेई के आरोपों का जवाब देते हुए ट्रम्प ने भी तुरंत इसका जवाब दिया। उन्होंने कहा कि ईरान सरकार अब चंद दिनों की मेहमान है।



## तीन साल पहले गैंगरेप की शिकार युवती की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में 3 मई 2023 में जातीय हिंसा शुरू होने के तुरंत बाद गैंगरेप का शिकार हुई 20 साल की युवती की मौत हो गई है। गैंगरेप के समय वह सिर्फ 18 साल की थी। एनडीटीवी के अनुसार, महिला लगभग तीन साल पहले किडनैपिंग और गैंगरेप के सदमे से अब तक उबर नहीं पाई थी। महिला की मां ने बताया कि वह गंभीर रूप से जख्मी हुई थी। गंभीर चोटों के कारण उनकी बेटी को सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। आखिरकार, 10 जनवरी को वह जिंदगी से जंग हार गई। महिला कुकी समुदाय से थी। उसने मणिपुर के सिंगहाट में अंतिम सांस ली। पीड़ित ने 21 जुलाई, 2023 को एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें उसने आरोप लगाया था कि 15 मई, 2023 को काले रंग की टी-शर्ट पहने चार हथियारबंद लोग उसे सफेद बोलेरो में किडनैप कर पहाड़ी इलाके में ले गए।

# शिंदे गुट ने ढाई साल के लिए मेयर पद मांगा

### राउत बोले- शिंदे खुद नहीं चाहते बीएमसी में बीजेपी का मेयर हो

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

बीएमसी के चुनावी नतीजों से महाराष्ट्र की सियासत में नया पेंच फंस गया है। भाजपा मुंबई में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। पहली बार भाजपा का मेयर बनने के साफ संकेत हैं।



हालांकि, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने 29 नए पार्षदों को बांद्रा के होटल ताज लैंड्स एंड में शिफ्ट कर दिया है। बाहर कड़ा पहरा है। शिंदे गुट का कहना है कि 2026 शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है। इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। इस पर भाजपा-शिंदे गुट में खींचतान शुरू हो गई है। इधर, रविवार को उद्धव गुट के संजय राउत ने दावा किया है कि एकनाथ शिंदे खुद नहीं चाहते कि बीएमसी में भाजपा को मेयर बने। इसलिए वे पार्षदों को होटल में रखे हुए हैं। वहीं, मुंबई में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने यह कहकर अटकलों को और बढ़ा दिया कि अगर भगवान चाहेंगे तो उनकी पार्टी का मेयर हो सकता है।

## दिल्ली में 5 करोड़ की ड्रग्स बरामद

### दो नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

दिल्ली क्राइम ब्रांच ने एक इंटरनेशनल ड्रग सिंडिकेट का खुलासा करते हुए लगभग 5 करोड़ की कोकीन और एमडीएमए ड्रग्स बरामद की है। पुलिस ने दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार भी किया है, जिसे सिंडिकेट ऑपरेट कर रहे थे।

आरोपियों की पहचान फ्रैंक विटस उमे और संडे ओटू के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि ड्रग्स की सप्लाई दिल्ली और आसपास के राज्यों में की जा रही थी। नाइजीरिया में स्थित एक सरगना इस सिंडिकेट का संचालन कर रहा था। पुलिस अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जांच कर रही है।

## खिलाड़ियों की स्कार्पियो तालाब में गिरने से 3 की मौत, 4 को बचाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ जगदपुर**

छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में कालीपुर स्थित तालाब में स्कॉर्पियो वाहन डूब गई। हादसे में 3 युवकों की मौत हो गई है, जबकि पुलिस जवानों ने कांच तोड़कर 4 युवकों की जान बचा ली है। बताया जा रहा है कि शनिवार रात सभी युवक क्रिकेट खेलकर जगदलपुर लौट रहे थे। इसी बीच गाड़ी अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, तीनों 4 साथियों के साथ क्रिकेट खेलने गए हुए थे। रात में सभी कालीपुर से जगदलपुर की तरफ लौट रहे थे। इसी बीच हादसा हो गया। वहां आस-पास में मौजूद लोगों की नजर वाहन पर पड़ी। लोगों ने पुलिस को इस हादसे की जानकारी दी।

## डीजीसीए ने इंडिगो पर 22.20 करोड़ का फाइन लगाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर 22.20 करोड़ का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना एयरक्राफ्ट रूल्स, 1937 के रूल 133अ के तहत लगाया गया है।

इसके तहत एकमुश्त जुर्माना 1.80 करोड़ है। इसके अलावा एफडीटीएल नियमों का 68 दिन तक पालन नहीं करने पर प्रतिदिन 30 लाख का जुर्माना लगाया गया, जो कि 20.40 करोड़ होता है।




डीजीसीए ने यह एक्शन 3 से 5 दिसंबर, 2025 के बीच इंडिगो की 2507 फ्लाइट के कैंसिल होने और 1852 फ्लाइट के ऑपरेशन में देरी होने पर लिया है। इस कारण 3 लाख से ज्यादा यात्रियों को परेशानी हुई थी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के निर्देश पर डीजीसीए ने मामले की जांच के लिए 4 मेंबर वाली कमेटी बनाई थी। कमेटी ने इंडिगो के नेटवर्क प्लानिंग, क्रू रोस्टरिंग और इंडिगो के इस्तेमाल किए जा रहे सॉफ्टवेयर सिस्टम की डिटेल इंवेस्टिगेशन और स्टडी की। साथ ही बयान भी दर्ज किए। इंडिगो एयरलाइंस ने कहा है कि वह डीजीसीए के सभी आदेशों को पूरी तरह मानेंगी और जो भी सुधार जरूरी होंगे, वे सही समय पर किए जाएंगे।

## शॉपिंग मॉल में आग से 3 की मौत, सात घायल



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कराची**

पाकिस्तान के कराची में शनिवार को एक शॉपिंग मॉल में अचानक भीषण आग लगने से 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि 7 अन्य लोग घायल हो गए हैं। शुरूआती जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

रिपोर्ट के अुनसार, आग एक दुकान से शुरू होकर पूरे मॉल में फैल गई। मौके पर 7 फायर ब्रिगेड पहुंची, जिन्होंने आग पर काबू पाया। इलाके के सिविल अस्पताल को भी अलर्ट पर रखा गया था। बचावदल ने लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और राहत-बचाव कार्य में मदद की। सिंध के गवर्नर कमरान टेसोरी ने घटना पर चिंता जताई। उन्होंने मामले की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी। वहीं सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजार ने ट्रैफिक को दूसरे रास्तों पर डायवर्ट करने को कहा और जांच के निर्देश दे दिए हैं।

### अधिकारियों-कर्मचारियों की

## पदोन्नति प्रक्रिया खुलने की उम्मीद एक बार फिर से जगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में अधिकारियों-कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया पर लगा ताला खुलने की उम्मीद एक बार फिर से जगी है। प्रमोशन में आरक्षण मामले में 20 जनवरी को मप्र हाईकोर्ट में सुनवाई होने वाली है। माना जा रहा है कि सरकार की मंशानुसार अदालत से कर्मचारियों की पदोन्नति की राह खुल सकती है। मप्र के कर्मचारी पिछले 10 साल से पदोन्नति की आस लगाए हुए हैं।

गौरतलब है की मप्र में पदोन्नति प्रक्रिया पर प्रतिबंध होने के कारण हजारों कर्मचारी बिना प्रमोशन पाए ही रिटायर हो गए हैं। इस बीच पिछले दस साल से प्रतीक्षारत सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए मौजूदा माह में अच्छी खबर मिलने की उम्मीद है। पिछले दस साल से प्रतिबंध होने के कारण अभी तक अधिकारी और कर्मचारियों के रिटायरमेंट का आंकड़ा करीब एक लाख तक पहुंच गया है। प्रतिमाह शासकीय सेवकों की सेवानिवृत्ति का क्रम बरकार है। लगातार प्रदेश में कर्मचारियों द्वारा मांग उठाई जा रही है कि प्रमोशन के रास्ते तत्काल खोले जाने चाहिए। साल 2016 से प्रमोशन पर प्रतिबंध लगा है। तब से स्थिति यह है कि कर्मचारी अधिकारी जिस पद पर काम कर रहा है। उसी पद पर रहते हुए वह रिटायरमेंट ले रहा है। न्यायालयीन निर्णय नहीं होने के कारण प्रदेश में प्रतिबंधित प्रमोशन ने विभागों में सिस्टम को प्रभावित कर दिया है। हालात यह है कि उम्र का दायरा पूरा होने से ऊपर के पद निरंतर स्टिायरमेंट से रिक्त हो रहे हैं। अब पदोन्नतियां नहीं होने से योग्य लोग इन पदो पर वहीं पहुंच पा रहे है। काम की गति को बढ़ाने के लिए नियम विरूद्ध जूनियरों को सीनियर का प्रभार दिया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी सहित अन्य निर्माण विभागों में एक्ज्युकेटिव इंजीनियर अभियंता की सीट संभाल रहे है। अन्य विभागों में योग्य न होने के बाद भी जूनियरों को वरिष्ठ पदों पर भेजकर काम लिया जा रहा है।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर



एक वितरित दो और कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
निःशुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ निःशुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
**हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर**
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### गिरफ्त में नाबालिग को नग्न घुमाने वाला 5 आरोपी

**उज्जैन।** किशोरी को भगाकर ले जाने वाले नाबालिग को नग्न कर घुमाने वाले आरोपियों में शामिल एक युवक की शनिवार को ओर गिरफ्तारी की गई। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। अब तक पांच को गिरफ्तार किया जा चुका है। एक नाबालिग फरार है। वहीं वायरल वीडियों के आधार पर एक अन्य युवक की पहचान हुई है। जिसके भी आरोपी बनाया जायेगा। पंवासा थाना क्षेत्र की किशोरी को 3 माह पहले नाबालिग प्रेम प्रसंग के चलते अपने साथ भगाकर ले गया था। कुछ दिन बाद दोनों थाने पर पेश हो गये थे। पुलिस ने नाबालिग को बाल संप्रेक्षणगृह भेज दिया था। किशोरी परिवार के साथ नहीं जाना चाहती थी उसे बालिका सुधारगृह भेजा गया था। 3 माह बाद नाबालिग बाल संप्रेक्षणगृह से रिहा होकर आया और अपनी मां के साथ मौसी के यहां रहने देवास चला गया। लेकिन मां की तबीयत खराब होने पर वह 15 जनवरी को अपने घर शंकरपुर लौटा था और दोस्त से मदद मांगने गया था। जहां किशोरी के परिजनों ने उसे पकड़ लिया था। उन्होने नाबालिग का सिर मुंड दिया और मुंह काला करने के बाद नग्न कर क्षेत्र में घुमाया था। मामला सामने आने पर पंवासा थाना पुलिस ने मामले में एक महिला सहित चार लोगों पर प्रकरण दर्ज किया था। जिन्हे गिरफ्तार किया गया तो एक नाबालिग होना सामने आया। महिला और नाबालिग को जमानत पर रिहा किया गया और 2 युवकों को जेल भेज दिया था। वहीं पुलिस ने नाबालिग का नग्न घुमाते हुए सामने आये वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान शुरू की। थाना प्रभारी गमर मंडलोई के अनुसार 2 ओर युवकों की पहचान होने पर शनिवार को श्रवण नामक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मामले में एक नाबालिग फरार है वहीं वीडियों के आधार पर एक अन्य को भी आरोपी बनाया जायेगा। मामले में आरोपियों की संख्या 7 पहुंच सकती है।

### विद्यालयों में खेल-खेल में स्वच्छता सीख रहे बच्चे

**उज्जैन।** वार्ड 3 के शासकीय प्राथमिक विद्यालय खिलचीपुर और वार्ड 18 स्थित गांधी पब्लिक स्कूल में नगर निगम ने आनंद उत्सव के तहत बच्चों के लिए परंपरागत खेलों का आयोजन किया। विद्यार्थियों को खेल-खेल में स्वच्छता और कचरा पृथक्करण की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों ने डस्टबीन पहचानों खेल में भाग लिया। खेल के माध्यम से विद्यार्थियों ने रंग के अनुसार बाल को सही डस्टबीन में डालकर कचरे के प्रकार के बारे में जानकारी प्राप्त की। हरे बिन में गीले कचरे और अन्य बिन में सूखे कचरे को डालकर बच्चों को अलग-अलग कचरा पृथक्करण की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में स्कूल के सभी स्टाफ और आईईसी टीम भी मौजूद रहीं। बच्चों ने उत्साह के साथ खेल में भाग लेकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा।

### इंदौर में हुई मौतों को लेकर कांग्रेसी उपवास पर बैठे

**उज्जैन।** इंदौर में दूषित जल से हुई मौतों के विरोध में शनिवार को उज्जैन के टावर चौक पर डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के पास कांग्रेसी उपवास पर बैठे। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी ने मौन धारण कर प्रदर्शन किया। दूषित पानी से हुई मौतों को लेकर राहुल गांधी इंदौर में मृतकों के परिजन और अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलने पहुंचे। इधर पानी की गुणवत्ता को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार उज्जैन जिला कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी का संयुक्त रूप में एक दिवसीय उपवास शनिवार को 11 बजे से शुरू हुआ जो की शाम 4 बजे तक टॉवर चौक स्थित बाबा साहेब अंबेडकर जी की प्रतिमा के पास किया जाएगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस दौरान पीड़ितों से मिलने इंदौर पहुंचे हैं। इसी विषय को लेकर उज्जैन में कांग्रेसी सामूहिक उपवास कर रहे है। कांग्रेस के अजित सिंह, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, सहित शहर एवं जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेस जन, सेवा दल, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, एन एस यू आई, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी, आई टी सेल, सभी पार्षद गण, सभी प्रकोष्ठ, मंडलम, सेक्टर अध्यक्ष, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शीत लहर का कहर, सेहत का रखें ध्यान

## काफी लोग सर्दी, खांसी, कब्ज व ऐसिडिटी से परेशान, यदि थोड़ा सा ध्यान हम रखें तो बचा जा सकता है बीमारी से

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शीतलहर का कहर बरप रहा है और काफी लोग सर्दी, खांसी, कब्ज व ऐसिडिटी से परेशान चल रहे हैं। यदि थोड़ा सा ध्यान हम शीतकाल में सेहत का रखें तो बीमारी से बचा जा सकता है आयुर्वेद में शीतकाल के दौरान शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कई नुस्खे दिए हैं जिनका पालन कर हम सेहत को चुस्त दुरूस्त रख सकते हैं।



**संपूर्ण दवाखाना है हमारा किचन-** घर के किचन में मौजूद मसाले व रोजमर्रा की सामग्री लगभग सभी रोगों की दवाई है जो प्रायः शीत के प्रकोप से होते हैं। आयुर्वेद के मुताबिक हल्दी तो अमृत तुल्य है इसके अलावा काली तिल, जीरा, अजवाइन, लौंग, सौंफ, शहद व तिल का तेल भी बहुत महत्वपूर्ण दवाई हैं।

**नाक बंद तो तिल का तेल-** सर्दियों में यदि नाक के अंदर रूकावट हो तो इसकी सर्वोत्तम औषधि तिल का तेल है। मात्र दो बूंद तिल का तेल सुबह और रात में सोने के पहले नाक में डालें तो नासिका खुल जाएगी और आप को सांस लेने में तकलीफ नहीं होगी। श्वांस लेने में तकलीफ होने पर एक दूसरा उपचार ये होता है कि थोड़ा सा मिर्च का पाउडर और शहद मिलाकर पेस्ट बनाएं और उसे चटनी जैसा चांटकर खा लें भोजन के बाद तो राहत मिलती है।

**कब्ज है तो अरंडी तेल-** ठंड में पेट खराब होना एक आम समस्या है। कब्जीयत होने पर बैचेनी होती है और किसी काम में मन नही लगता। ऐसी स्थिति में रात को सोने से पहले दो बूंद अरंडी का तेल पी लें या नाभी मे दो बूंद हींग का तेल लगा लें तो कब्जीयत दूर हो जाती है।

**बालों के लिए खसखस व आंवला-** मजबूत व चमकदार बालों के लिए प्रतिदिन आंवला खाना चाहिए इसके अलावा सुबह विशेष तरह की काफी बनाकर पी ली जाए। एक कप पानी में थोड़ी सी काफी और एक चुटकी खसखस डालकर उबालें और छानकर पी लें तो घने काले बाल चमकदार बने रहते हैं। समस्त उपचार अपनी मेडिकल हिस्ट्री बताकर योग्य चिकित्सक से परामर्श कर लें।

### ऐसिडिटी में जीरा व सौंफ

शीतकाल में ही विवाह के कई आयोजन होते हैं और विवाह समारोह के भोजन हमारे स्वास्थ पर कुछेक बार प्रतिकूल असर डालते हैं। गरिष्ठ व तीक्ष्ण भोजन से पेट में अम्लता या ऐसिडिटी बढ़ जाती है ऐसी स्थिति से निपटने के लिए तवे पर जीरा सेंक कर मुहं मे रख चबाना हितकर है इसके अलावा भोजनोपरांत सौंफ चबाकर खाना भी ऐसिडिटी से छुटकारा दिलाती है। पेट की समस्त व्याधियों से मुक्त होने के लिए रोज खाली पेट काली तिल्ली और मिश्री का मिश्रण खाना उत्तम है।

### शीत चर्म रोग तो गौघृत व हल्दी पेस्ट

शीत ऋतु में चर्मरोग या स्किन से संबंधित रोग होना एक आम समस्या है। यदि शीत के कारण पित्ती उभर आती हैं तो पिसी हुई हल्दी को गाय के शुद्ध घी मे भूनकर पेस्ट बना लें और एक चम्मच लेकर इसमे एक चम्मच मिश्री मिलाकर सेवन करें, फायदा होगा। इसके अलावा नीम की दो पत्तियां सुबह चबाकर खा लें। चमड़ी यदि सूखी सूखी नजर आए तो ऐसे मे अलसी के बीज एक चम्मच सुबह खाली पेट खा लीजिए, स्किन मे चमक आ जाएगी।

महाकाल महोत्सव का चौथा दिन

# रामधुन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने अद्भुत माहौल बनाया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में 14 से 18 जनवरी तक श्री महाकाल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिसके चौथे दिन शनिवार को विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम और 'कला यात्रा' आयोजित की गई। इन आयोजनों ने महाकाल लोक में भक्ति, कला और लोकसंस्कृति का माहौल निर्मित किया।

चौथे दिन की 'कला यात्रा' बुधवारिया क्षेत्र से शुरू हुई। यह यात्रा नई सड़क, सतीगेट और गोपाल मंदिर मार्ग से होते हुए श्री महाकाल महालोक में समाप्त हुई। इस दौरान उज्जैन के योगेश मालवीय और उनके मलखंब दल ने पारंपरिक मलखंब का प्रदर्शन किया।

महोत्सव के मंच पर जनजातीय लोकनृत्यों की श्रृंखला प्रस्तुत की गई। इसमें हरदा के मंशाराम और उनके साथी कलाकारों ने कोरकू जनजातीय 'गदली नृत्य' प्रस्तुत किया।



खंडवा की अनुजा जोशी और उनके दल ने 'गणगौर नृत्य', सागर के लीलाधर रैकवार ने 'ढिमरियाई नृत्य' तथा बड़ौदा के विजय भाई राठवा और उनके साथियों ने राठवा जनजातीय 'राठ नृत्य' की प्रस्तुति दी। शाम को श्री महाकाल महालोक के प्रांगण में सुगम संगीत और बैंड रामधुन की विशेष प्रस्तुतियां हुईं। इंदौर के श्रेयश शुक्ला और उनके बैंड तथा मुंबई के विपिन अनेजा और उनके बैंड ने रामधुन और भक्ति संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित कलाकारों को उप प्रशासक सिम्मी यादव ने सम्मानित किया। इस अवसर पर ज्योतिर्लिंग भगवान भीमाशंकर के पुजारी परिवार से मयुरेश कोडिलकर, चंद्रकांत कौदरे, जालिंदर कौदरे तथा ज्योतिर्लिंग भगवान नागेश्वर (महाराष्ट्र) के पुजारी परिवार से दर्शन पाठक और दिनेश पाठक सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# जीआरपी ने खोज निकाले 2 यात्रियों के गुम मोबाईल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ट्रेनों में यात्रा कर रहे 2 यात्रियों के मोबाइल गुम हो गये। शिकायत जीआरपी के पास पहुंची तो तत्काल लोकेशन ट्रेस की गई और दोनों के मोबाईल खोज निकाले। दोनों यात्रियों से संपर्क कर उन्हे मोबाइल लौटाये गये है।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि राजस्थान के करौली में रहने वाला अंकुर मीणा ग्वालियर-रतलाम एक्सप्रेस से उज्जैन की यात्रा कर रहा था। उसी दौरान उसका एप्पल आईफोन 13 कीमत 58 हजार से अधिक का गुम हो गया। अंकुर ने ट्रेन में सवार यात्रियों की मदद से जीआरपी थाने पहुंचकर शिकायत की। वहीं शांति एक्सप्रेस में अहमदाबाद से उज्जैन की यात्रा कर रही प्रतिमा जोशी निवासी अहमदाबाद गुजरात का सेमसंग ए-16 मोबाइल यात्रा के दौरान बर्थ पर छूट गया था। जिसके कवर में नगद राशि भी रखी थी। प्रमिता जोशी ने भी मामले की शिकायत जीआरपी को दर्ज कराई। 2 यात्रियों के मोबाइल गुम होने पर पुलिस ने लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया। जिसके आधार पर रेलवे ब्रिज के पास पहुंची जहां दोनों मोबाइल लावारिस हालत में पड़े मिल गये। थाना प्रभारी भावसार ने बताया कि संभवतः आईफोन और सेमसंग का मोबाइल होने पर जिसे भी मिले थे वह लॉक नहीं खोल पाया और पकड़े जाने के डर से छोड़कर भाग निकला। मोबाइल मिलने पर दोनों यात्रियों से संपर्क कर उन्हे लौटाये गये है। दोनों मोबाइल की कीमत 77 हजार से अधिक की होना सामने आई थी।

# बालिका सशक्तिकरण 'सुकन्या' सेमिनार का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बालिकाओं के सामाजिक-शैक्षणिक और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से पुलिस और डाक विभाग द्वारा संयुक्त रूप से बालिका सशक्तिकरण 'सुकन्या ' विषय पर शनिवार को सेमीनार आयोजित किया गया।

सामुदायिक भवन पुलिस लाइन में आयोजित सेमिनार में वीडियो कार्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने भोपाल में होने पर संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति इस बात से मापी जाती है कि वहां की बेटियाँ कितनी शिक्षित, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर हैं। एक सशक्त बालिका ही सशक्त परिवार, समाज और राष्ट्र की नींव रखती है। कार्यक्रम के दौरान सीएसपी श्वेता गुप्ता, उपपुलिस अधीक्षक भारतसिंह यादव, डाकघर के उप अधीक्षक बीएके सचान और रक्षित निरीक्षक रणजीतसिंह मौजूद थे। सभी के द्वारा बालिका सशक्तिकरण, बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक भविष्य को सुनिश्चित करने के लिये शासन की योजनाओं विशेषकर सुकन्या समृद्धि योजना के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। यहीं नहीं जिले के पुलिस विभाग के ऐसे अधिकारी/कर्मचारी जिनकी बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते नहीं थे, उनके ऑन-द-स्पॉट खाते खुलवाए गए, जिससे बालिकाओं के भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित किया जा सके। सेमिनार में डॉ. अनिल जूनवाल द्वारा मेरी बिटियां शीर्षक कविता की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी बालिकाओं को उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में सूबेदार नितिन वर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। पुलिस अधीक्षक के अनुसार उज्जैन पुलिस द्वारा समाज में सकारात्मक सोच एवं बालिका सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के कार्यक्रम भविष्य में निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।



उज्जैन
रविवार
18
जनवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

अङ्गं गलितं पलितं मुण्डं, दशनविहीनं जतं तुण्डम्। वृद्धो याति गृहीत्वा दण्डं, तदपि न मुञ्चत्याशापिण्डम्॥

**अर्थः** क्षीण अंगों, पके हुए बालों, दांतों से रहित मुख और हाथ में दंड लेकर चलने वाला वृद्ध भी आशा-पाश से बंधा रहता है।

## खबर एक नजर...

### बायपास पर तेज रफ्तार कार ट्रक में घुसी, ट्रांसपोर्टर की मौके पर मौत

**इंदौर।** इंदौर-देवास बायपास पर शनिवार सुबह तेज रफ्तार कार पीछे से ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार ट्रांसपोर्टर की मौके पर ही मौत हो गई। लसूड़िया पुलिस के अनुसार दुर्घटना शेरेटन होटल के सामने हुई। मृतक की पहचान कनाड़िया रोड निवासी विक्रम सिंह राणा (40) पिता परमजीत सिंह राणा के रूप में हुई। विक्रम की कार तेज रफ्तार में थी, जो आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। हादसे में चालक का सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। गर्दन स्टेयरिंग में फंस गई थी। कार के एयर बैग खुलने के बाद भी युवक की जान नहीं बच सकी। लसूड़िया पुलिस ने क्रेन की मदद से कार सड़क से हटाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवायएच भेजा। इधर, ऑटोमोबाइल एक्सपर्ट मुकेश कुमार के अनुसार तय लिमिट से ज्यादा स्पीड होने पर एयर बैग खुलने के बाद भी यात्री की जान बचना मुश्किल होता है।

### जैन मंदिर में गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे; 3 आरोपी दान पेटी बाइक पर रखकर फरार हुए

**इंदौर।** मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में अब धार्मिक स्थल भी चोरों से सुरक्षित नहीं रहे। एमआईजी थाना क्षेत्र स्थित जैन मंदिर में देर रात चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक महिला सहित तीन आरोपियों ने मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी पर हाथ साफ कर दिया। पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, लेकिन चोर बेखौफ होकर फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक महिला और उसके दो पुरुष साथी योजनाबद्ध तरीके से मंदिर परिसर में घुसते हैं। पहले गेट का ताला तोड़ा जाता है, फिर दान पेटी उठाकर बाहर लाया जाता है और बाइक पर रखकर तीनों आरोपी आराम से मौके से निकल जाते हैं। घटना की सूचना मिलते ही मंदिर प्रबंधन ने एमआईजी थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची, निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज जब्त कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि घटना के बाद भी आरोपी खुलेआम फरार हैं, जिससे पुलिस की रात्रिकालीन गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर अलग-अलग टीमें गठित की हैं। दावा किया जा रहा है कि फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तारी करेंगे। नागरिकों ने प्रशासन से मंदिरों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाने, सीसीटीवी मॉनिटरिंग सशक्त करने और रात्रि गश्त को केवल कागजों तक सीमित न रखने की मांग की है।

### जन्मदिन के बाद युवक ने सुसाइड किया

**इंदौर।** जन्मदिन की खुशियां उस वक्त गम में बदल गई, जब युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया और उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी सांस हमेशा के लिए थम गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर एमवाय में उसका पीएम करवाया। अन्नपूर्णा पुलिस के मुताबिक घटना महावर नगर की है। यहां रहने वाले वंश (20) पिता अनिल पारोचे का शुक्रवार को जन्मदिन था। परिवार में खुशी का माहौल था। परिवार के लोगों ने वंश का पूरे उत्साह के साथ जन्मदिन मनाया। बड़े भाई नीरज ने बताया कि वे विदुर नगर में रहते है, लेकिन उनका पुराना मकान महावर नगर में है। शुक्रवार को छोटे भाई का जन्मदिन मनाया। जिसके बाद परिवार के लोगों ने खाना खाया। उसने भी खाया और वह ऊपरी मंजिल पर अपने कमरे में चला गया। वहां उसने कुछ जहरीला पदार्थ खा लिया।

### डीसीपी ट्रैफिक से मिले ऑटो चालक, बोले- प्रशासनिक-राजनीतिक सहमति के बाद भी नहीं हुआ काम

# इंदौर में ऑटो परमिट सीमा 60 किमी करे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर से 60 किलोमीटर की परिधि में ऑटो रिक्शा संचालन की अनुमति की लंबे समय से अटकी प्रक्रिया को लेकर ऑटो रिक्शा चालक एक बार फिर मुखर हो गए हैं। बुधवार को बड़ी संख्या में रिक्शा चालक ट्रैफिक डीसीपी कार्यालय पलासिया पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। चालकों ने जल्द निर्णय नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पहुंचे चालकों का कहना है कि जुलाई 2025 में इस मांग पर प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर सहमति बन चुकी थी, लेकिन अधिकारियों के तबादले के बाद मामला फाइलों में ही अटका रह गया।



संघ के अनुसार जुलाई 2025 में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और तत्कालीन कलेक्टर आशीष सिंह के साथ हुई बैठकों में ऑटो परमिट सीमा को 15 किमी से बढ़ाकर 60 किमी करने पर सहमति जताई गई थी। तत्कालीन कलेक्टर ने वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ चर्चा कर आठ दिनों में आगे की प्रक्रिया तय करने की घोषणा भी की थी। इसके बावजूद छह महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी नियमों में बदलाव नहीं हो सका।

### फिटनेस टेस्ट के नाम पर वसूली का आरोप

रिक्शा चालकों ने ज्ञापन में फिटनेस टेस्ट के दौरान हो रही कथित अवैध वसूली और नंबर प्लेट के नाम पर अतिरिक्त राशि वसूले जाने की शिकायत भी उठाई है। चालकों का कहना है कि इन अनियमितताओं से उनकी आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इस मामले पर डीसीपी ट्रैफिक आनंद कलादगी ने रिक्शा चालकों को आश्वस्त किया कि वे सभी संबंधित विभागों से समन्वय कर मामले का शीघ्र समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

### परमिट सीमा बढ़ने से मिलेंगे ये फायदे

संघ अध्यक्ष वीरेंद्र त्रिपाठी के मुताबिक ऑटो रिक्शा की परमिट सीमा 60 किमी किए जाने से चालक उज्जैन, देवास, ओंकारेश्वर, धार और देपालपुर जैसे क्षेत्रों तक यात्रियों को ले जा सकेंगे। इससे यात्रियों को किफायती और सुविधाजनक परिवहन मिलेगा, वहीं शहर के भीतर ऑटो रिक्शा का दबाव भी कम होगा।

### एमआईसी बैठक : सराफा में 69 दुकानें ही रहेंगी

# 550 किमी पुरानी पेयजल लाइनें बदलेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा में दूषित जल से बीमारी फैलने की गंभीर घटना के बाद नगर निगम पानी वितरण व सीवरेज व्यवस्था सुधारने पर जोर दे रहा है। शुक्रवार को महापौर परिषद की बैठक में इस संबंध में अहम निर्णय लिए गए। पानी की शुद्धता जांच के लिए लैब में केमिस्ट भर्ती की जाएगी।

जलप्रदाय और सीवरेज नेटवर्क को बढ़ाने के लिए अमृत-2 पर नगर निगम 1530 करोड़ रुपए का लोन लेगा। कुत्तों के रखने व पालन पोषण के लिए योजना व मेट्रो स्टेशन के लिए शिवाजी मार्केट पार्किंग की बिल्डिंग तोड़ने का प्रस्ताव व 60 करोड़ से ज्यादा के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए। सराफा पर तय हुआ कि यहां चौपाटी में 69 दुकानें ही रहेंगी। बाकी दुकानों के लिए जांच के बाद



निर्णय लेंगे। बैठक में तय हुआ कि अमृत-2 योजना में पानी व सीवरेज व्यवस्था के नेटवर्क व इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाएंगे। यह 50 साल तक पानी की आपूर्ति के लिए पर्याप्त होगी। जलूद में नया इंटेकवेल, मुख्य लाइनें, वितरण पाइप, 40 नई टंकियां बनाएंगे। विकसित हो रहे शहर में नया नेटवर्क डालेंगे। 550 किमी से ज्यादा पुरानी लाइनों को भी बदला जाएगा। यह योजना 2400 करोड़ की है। अध्यक्षता महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने की। बैठक में निगमायुक्त क्षितिज सिंघल, एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर, राजेश उदावत, निरंजनसिंह चौहान, अश्विनी शुक्ल, अभिषेक शर्मा, नंदकिशोर पहाड़िया, राकेश जैन, मनीष शर्मा मामा व प्रिया डांगी मौजूद रहे। निगम 16 हजार पीएम आवास बनाने की तैयारी कर रहा है। 2200 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

# इंदौर में अंगूठा कटने से घायल मासूम की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज के न्यू चेस्ट वार्ड में एडमिट जिस डेढ़ माह के मासूम का इंट्राकेथ बदलते समय अंगूठा कटकर अलग हो गया था। उसकी शनिवार को मौत हो गई। मामले में परिजन का कहना है कि उसे दोबारा निमोनिया हो गया था। जिससे उसकी मौत हो गई, लेकिन मामला फिर चचाओं में है।

24 दिसंबर को बेटमा के बजरंगपुरा गांव निवासी अंजुबाई के डेढ़ माह के बच्चे को निमोनिया के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया था। तब मां ने बताया था कि हाथ में सूजन होने पर नर्सिंग ऑफिसर को बुलाया गया था। इंट्रा कैथ के टेप को काटते समय कैंची बच्चे के अंगूठे पर चल गई। जिससे बच्चे का अंगूठा कटकर अलग हो गया और जमीन पर गिर पड़ा था। बाद में उसे सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल रेफर कर सर्जरी की गई थी। इसमें उसका अंगूठा जोड़ा गया था। मामला सामने आने के बाद डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने नर्सिंग ऑफिसर आरती श्रोत्रिय को सस्पेंड कर दिया था, साथ ही तीन नर्सिंग इंचार्ज का एक-एक माह की वेतन रोक दिया था। उधर, मासूम को फिर डिस्चार्ज कर दिया था। इसके बाद उसे हाल ही में फिर एडमिट किया गया। इस दौरान उसकी हालत बिगड़ी और शनिवार को उसकी मौत हो गई।

# यातायात पुलिस व नुवोको का संयुक्त जागरूकता अभियान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 (1 से 31 जनवरी 2026) के अंतर्गत इंदौर में यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को गीता भवन चौराहा पर यातायात पुलिस ने विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान यातायात नियमों का पालन करने वाले जिम्मेदार वाहन चालकों को फूल, पेन की चेन एवं चॉकलेट भेंट कर सम्मानित किया गया। इस पहल से न केवल सम्मानित चालकों में सकारात्मक संदेश गया, बल्कि अन्य





वाहन चालकों को भी नियमों के पालन के लिए प्रेरणा मिली।

वहीं, नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को दंडात्मक कार्रवाई के बजाय प्रेमपूर्वक समझाइश दी गई और सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में शामिल वाहन चालकों ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने एवं सुरक्षित ड्राइविंग करने का संकल्प लिया। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह और पुलिस उपायुक्त (यातायात/जोन-4) आनंद कलादगी, संजेश महतो सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इस दौरान निजी कंपनी नुवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड की टीम ने ट्रैफिक प्रहरी बनकर सड़क सुरक्षा से जुड़े जागरूकता संदेशों की तख्तियां हाथ में लेकर आम नागरिकों को यातायात नियमों की गंभीरता से अवगत कराया। संदेशों के माध्यम से बताया गया कि थोड़ी-सी लापरवाही भी जानलेवा हो सकती है, जबकि नियमों का पालन जीवन की रक्षा करता है।

## खबर एक नजर...

### ऑल इण्डिया नि:शुल्क मुस्लिम तआरुफी जलसा आज

**उज्जैन।** मुस्लिम समाज की सामाजिक संस्था जज्बा सोशल फाउंडेशन द्वारा सर्व मुस्लिम समाज के शादी लायक बच्चों के रिश्तों के लिए ऑल इण्डिया निःशुल्क मुस्लिम तआरुफी जलसा शान्ति पैलेस चौराहा स्थित हाईवे-27 गार्डन पर आज 18 जनवरी सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।

संस्था अध्यक्ष इंजीनियर सरफराज कुरैशी और जमीर-उल-हक ने बताया कि बच्चों के मुनासिब रिश्तों में आने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए संस्थान गत दस वर्षों से इस तरह के सम्मेलनों का आयोजन किया जाता है। फरीद कुरैशी और भूरु शेख ने बताया कि इस परिचय सम्मेलन में शिक्षा के प्रसार को ध्यान में रखते हुए 12वीं कक्षा से अधिक शिक्षित प्रत्याशियों का ही पंजीयन किया जा रहा है।

अतहर आलम अंसारी और वसीम अब्बास के अनुसार जलसे में अधिकतम 40 वर्ष तक के प्रत्याशियों का ही बायोडाटा स्क्रीन पर दिखाया जाएगा। संस्था सदस्यगण सर्वश्री समीर उल हक, आरिफ खान, इंसाफ कुरैशी, असलम मंसूरी, गुलरेज खान, सलीम देहलवी, फैज जाफरी, रशीद खान, नईम खान, सादिक खान, अरशद खान, सफदर बेग आदि ने समाजजन से अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### श्री चारभुजा मंदिर में 400 बच्चों को पिलाई ब्राह्मी

**उज्जैन।** माघ महीने की चतुर्दशी के पावन पर्व पर श्री चारभुजा मंदिर प्रांगण में बुद्धि बढ़ाने की औषधि एवं मानसिक विकारों को दूर करने वाली अन्य शारीरिक मानसिक विकारों को दूर करने वाली ब्राह्मी औषधि का वितरण किया गया। इस अवसर पर निगम सभापति कलावती यादव, समाजसेवी बाबू कुमावत, यश कुमावत, कुमावत समाज के गणमान्य नागरिक सहित क्षेत्रीय रहवासियों ने 400 से अधिक बच्चों को ब्राह्मी का वितरण किया। बुद्धि बढ़ाने की मानसिक विकारों को दूर करने वाली औषधि को श्री चारभुजा मंदिर के पुजारी आचार्य नरेंद्र वैष्णव के द्वारा अभिमंत्रित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से महंत रूप किशोर रसिक, घनश्याम शर्मा, पंकज वैष्णव, गोविंद बैरागी, ऋतुल कुमावत, तुषार बैरागी, दीपक कुमावत, चंद्रेश गिरी आदि उपस्थित रहे।

# श्री पार्श्व भैरव महाभक्ति से प्रारंभ हुआ श्री अवंती पार्श्वनाथ भगवानजी का आंगी अर्पण महोत्सव



**रथयात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल**

### आज ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी केसरिया तीर्थ खाराकुआं से निकलेगा भव्यातीभव्य वरघोड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नाकोड़ा दरबार मंडल लालबाग मुम्बई शाखा उज्जैन द्वारा आयोजित दो दिवसीय श्री अवंती पार्श्वनाथ भगवानजी का आंगी अर्पण महोत्सव 17 जनवरी से श्री पार्श्व भैरव महाभक्ति के साथ प्रारंभ हुआ। शनिवार को मनोरमा गार्डन अरविंद नगर में संपूर्ण वातावरण पार्श्व-भैरव की गुंज से गुंजायमान हो गया। ह्यहालो रे हालो उज्जैन हालकोह्ल भक्तों को झुमानेवाली, श्री पार्श्व भैरव महाभक्ति में सब झूम उठे। युवा संगीतकार वैभव सोनी नाथ ने पार्श्वनाथ भगवान ओर नाकोड़ा भैरूजी की



भक्ति की। उज्जैन शाखा अध्यक्ष सुनील जैन, सचिव प्रमोद जैन के अनुसार आज 18 जनवरी को सुबह 9 बजे भव्यातीभव्य वरघोड़ा ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी ट्रस्ट केसरिया तीर्थ खाराकुआं से प्रारंभ होकर दानीगेट श्री अवंती पार्श्वनाथ मंदिर पर पहुंचेगा। यहां सम्पूर्ण लाभार्थियों द्वारा बनाई गई भगवान अवंती पार्श्वनाथ भगवान की चांदी की आंगी अर्पण की जाएगी। सुनील जैन, रूपेश नाहर, नेमीचंद जैन ने बताया कि मालवा भूषण आचार्य श्री नवरत्नसागरसूरीश्वरजी म. सा. के दिव्य आशीष, राष्ट्रसंत आचार्य श्री चन्द्राननसागरसूरीश्वरजी म.सा. के पावन आशीर्वाद, खतरगच्छाधिपति आचार्य श्री मणिप्रभसागरसूरीश्वरजी म. सा. के शुभ आशीष से आयोजित अंगी अर्पण कार्यक्रम अंतर्गत श्री पार्श्व भैरव भक्ति और रथयात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद अनील फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, समाजसेवी नारायण यादव, निगम सभापति कलावती यादव, नाकोड़ाजी तीर्थ के ट्रस्टी कांतिलाल पुखराज शाह, भाजपा उपाध्यक्ष मुंबई रेखा बेन, साथ ही नाकोड़ा दरबार मंडल लालबाग मुंबई के संस्थापक अध्यक्ष मनोज भाई शोभावत सहित पदाधिकारी सदस्य भी उपस्थिति रहेंगे।

### अ.भा. प्रजापति कुंभकार महासंघ ने मनाया पतंग महोत्सव

# 1,111 पतंग के साथ तिल लड्डू किए वितरित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ जिला युवा जिला उज्जैन द्वारा पीलिया खाल स्थित प्रजापति नगर पर पतंग महोत्सव मनाया। जिला अध्यक्ष प्रकाश प्रजापत एवं युवा जिला अध्यक्ष कमल नंदवाना के संयुक्त नेतृत्व में जिला प्रभारी गुलाब चंद्र प्रजापति के मार्गदर्शन में लगातार सातवें वर्ष तिल के लड्डू एवं पतंग वितरण कर महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के सूत्रधार युवा उपाध्यक्ष शंकर प्रजापति रहे। कार्यक्रम के संयोजक कमलेश प्रजापत एवं युवा जिला सचिव पिंटू प्रजापत रहे।

महासंघ के युवा महासचिव राहुल प्रजापत, युवा उपाध्यक्ष तरुण प्रजापत द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि प्रजापति समाज द्वारा लगातार मनाये जा रहे पतंग महोत्सव का यह सातवां वर्ष है। उक्त कार्यक्रम में 1,111 पतंग और 151 किलो तिल के लड्डू वितरण किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष नारायण यादव, अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छगनलाल चक्रवर्ती, मध्य प्रदेश कुश्ती संघ सचिव उमेश ठाकुर, जिला कुश्ती संघ सचिव सुरेंद्र यादव, पार्षद एमआईसी मेंबर शिवेंद्र तिवारी, क्षेत्रीय भाजपा नेता घनश्याम गोड, प्रादेशिक मीडिया प्रभारी




प्रकाश प्रजापत, समाजसेवी जमनालाल यादव, समाजसेवी जवाहर लाल प्रजापत, पूर्व कुश्ती चैंपियन मुकेश प्रजापत, बीपीएचओ प्रमुख मुकेश प्रजापत द्वारा श्री श्रीयादे माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

अतिथियों का स्वागत जिला महासचिव संदीप प्रजापत, दीपक प्रजापत, बेनी प्रसाद प्रजापत, युवा उपाध्यक्ष दीपक कुंवाडिया, भाजपा नेता नंदकिशोर प्रजापत, दिलीप प्रजापत, अशोक भादेर, आनंद लूनिया, समरथ देवरिया, ऋषि प्रजापत, मनीष प्रजापत, शेखर चक्रवर्ती, हरि नारायण प्रजापत, मनोहर पडल्या, आशीष प्रजापत, दिनेश प्रजापत, राहुल ऐडिय, रोहित प्रजापत, अर्जुन प्रजापत, जितेंद्र प्रजापत आदि द्वारा संयुक्त रूप से अतिथियों का अभिनंदन आकर्षित दुपट्टा एवं मालवा के अनुरूप साफा बांधकर किया गया। कार्यक्रम का आभार युवा मीडिया प्रभारी दर्पण प्रजापत द्वारा माना गया।

### संस्कार भारती का ₹शत समर्पण₹ कला उत्सव आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के यशस्वी 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संस्कार भारती उज्जैन महानगर द्वारा 18 जनवरी रविवार को शाम 7 बजे पं. सूर्य नारायण व्यास 'संकुल' कालिदास अकादमी में ₹शत समर्पण₹ कला उत्सव का आयोजन किया गया है।

उक्त कार्यक्रम में संघ के गीतों की प्रस्तुतियों के साथ ही आवर्तन संगीत अकादमी एवं वर्जिन मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल के 150 विद्यार्थियों द्वारा अर्चना आपटे तिवारी के निर्देशन में वंदे मातरम गीत की प्रस्तुति दी जाएगी, साथ ही नगर के प्रसिद्ध लोक गायक रामचंद्र गंगोलिया द्वारा लोक गायन, पंडित अभिषेक व्यास द्वारा गिटार वादन, लोकायन कला केंद्र द्वारा प्रज्ञा गढ़वाल के निर्देशन में लोक नृत्य, प्रतिभा कला केंद्र द्वारा प्रतिभा रघुवंशी एलची के निर्देशन में 'ध्येयनिष्ठा' , विभावरी नृत्य शाला (इंदौर) द्वारा सुश्री पूर्वी पांडे के निर्देशन में भरतनाट्यम, त्रिनेत्र संस्कृत संस्थान द्वारा श्रीमती मयूरी शर्मा सक्सेना के निर्देशन में कथक नृत्य,छंदक कला अकादमी (इंदौर) द्वारा वैभवी लांडगे के निर्देशन में ओडिसी नृत्य, इत्यादि कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण होगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष पद्मश्री भगवती लाल राजपुरोहित विशेष अतिथि चेतन सोजित्र मुख्य अतिथि- विनय यादव विशिष्ट अतिथि श्रीपाद जोशी (सहकोष प्रमुख, राष्ट्रीय कार्यकारिणी संस्कार भारती) रहेंगे।

# सनातन धर्म को चलाने के लिए अखाड़ों की आवश्यकता नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पिछले दिनों अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्रपुरी जी ने महाकाल मंदिर के पुजारियों और महाकाल सेना के विषय में अनर्गल टिप्पणी कर पुजारियों, ब्राह्मणों और महाकाल सेना के हजारों सदस्यों सहित सनातन धर्मावलंबियों के मान सम्मान पर कुठाराघात किया हैं ।जो असहनीय है ।यदि रविंद्रपुरी जी स्वयं को सनातन का मुखिया मानते है, तो धार की भोजशाला में अखंड पुजा के लिए संघर्ष करें। अपने नागाओं की फौज को वहां भेजे।

महाकाल सेना धर्म प्रकोष्ठ राष्ट्रीय प्रमुख महेंद्र सिंह बैंस और प्रदेश प्रमुख अशोक राठौर ने कहा कि सनातन धर्म में शंकराचार्य जी के बाद मंदिर के पुजारी ही सर्वमान्य है जिन्हें धर्मशास्त्रों में भगवान का पार्षद कहा गया हैं फिर भी अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने जिस प्रकार महाकाल मंदिर में केवल मुख्य पुजारी के द्वारा पूजन करने और अन्य पुजारी ओर प्रतिनिधियों आदि को गर्भगृह नहीं जाने देने की सरकार से मांग की है उसकी महाकाल सेना निंदा करती हैं।

जब मंदिरों की मयार्दा ,परम्परा,पवित्रता और ड्रेस कोड का पालन देश के आम व्यक्ति से लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सभी करते है तो अखाड़ों के साधु संतों और महामण्डलेश्वरों को भी पालन करना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा हैं जब वह मंदिर में प्रवेश करते हैं तो उन्हें मंदिर की मयार्दा ,परंपरा और विग्रह के बारे में कोई जानकारी नहीं होती, जिसके कारण वह लोग मंदिर की मयार्दा प्रतिष्ठा को ताक पर रखकर केवल अपने पद,अहम और मद में चूर होकर मंदिरों में जाते हैं,मयार्दाओं ओर पवित्रता को भंग करते हैं विवाद करते हैं क्योंकि देश में अखाड़ों ने अनगिनत संत, महंत, महामंडलेश्वर बिना किसी योग्यता और कसौटी के बना दिए हैं यह ऐसा प्रतीत होता है जैसा सब्जी मंडी का बाजार लगा हो। अखाड़ों ने महामंडलेश्वर महंत आदि की लाइन लगा दी है ।अखाड़ों द्वारा बनाए जाने वाले साधु संतों और महामंडलेश्वर की योग्यता का कोई प्रमाण नहीं होता ।जब साधु संतों ने सांसारिक जीवन त्यागकर अपना पिंडदान कर दिया है तो बार बार सांसारिक जीवन या जनमानस में वापस आकर भोग विलासता के जीवन में रहकर सनातन धर्म को दूषित कर दिया हैं ।साधु संत को पद और प्रतिष्ठा की लालसा नहीं होनी चाहिए साधु तो त्याग का प्रतीक हैं जैसे जैन समाज का साधु।

जब अखाड़ों को अपने सन्यासी जीवन और मंदिरों की मयार्दा परंपराओं का ज्ञान ही नहीं है तो देश में अखाड़ों की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि आद्यशंकराचार्य जी द्वारा देश में सनातन धर्म की रक्षा के लिए अखाड़े बनाए थे ,उस समय देश की फौज नहीं थी ,कोई संविधान नहीं था, लेकिन वर्तमान में भारत देश की अपनी फौजी है जो दुश्मनों से लड़ रही है अपना संविधान है जो सभी को बराबरी का हक देता हैं इसलिए आज अखाड़ों का कोई महत्व नहीं है और ना ही इनकी कोई आवश्यकता है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय से महाकाल सेना मांग करती हैं सरकार को यह जांच करनी चाहिए कि अखाड़ा परिषद अध्यक्ष को कितने अखाड़ों का समर्थन प्राप्त है।

## खबर एक नजर...

### मालवीय बनी उज्जैन महिला जिलाध्यक्ष

**उज्जैन।** अखिल भारतीय श्री बलाईमहासंघ जिला कार्यकारणी एवं मकर संक्रांति महापर्व कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य नागरिकों की गरिमाई उपस्थिति रही

इस अवसर पर श्रीमती रिंकी राजेश मालवीय को उज्जैन महिला जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया वहीं उज्जैन ग्रामीण पुनः जिला अध्यक्ष श्री राहुल मालवीय एवं श्री अर्जुन चौहान जी को विद्यार्थी युवा जिला अध्यक्ष एवं संतोष मालवीय को मकरों तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य श्री मनोज परमार जी संस्थापक महिला विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर लता मालवीय महिला प्रदेश अध्यक्ष पार्षद सीमा सोलंकी प्रदेश अध्यक्ष संजय सोलंकी प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप मालवीय जी सहित महासंघ की चयन समिति के सदस्य उपस्थित रहे

### झूलेलाल मंदिर गीता कॉलोनी के निर्विरोध हुए चुनाव

**उज्जैन।** झूलेलाल मंदिर गीता कॉलोनी के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए।

जनरल मीटिंग में चुनाव को लेकर चर्चा की गई। पश्चात झूलेलाल मंदिर गीता कॉलोनी में चुनाव अधिकारी दीपक राजवानी एवं गोपाल रोचवानी द्वारा कराए गए। जिसमें सवार्नुमति से 3 वर्ष के लिए अध्यक्ष मोहनलाल वासवानी, सचिव चदीराम जेठवानी, कोषाध्यक्ष जय किशन राजवानी को निर्विरोध चुना गया। प्रस्ताव कन्हैया खटवानी द्वारा रखा गया। समर्थन हेमंत मूलवानी द्वारा किया गया। सवार्नुमति निर्विरोध चुने जाने पर झूलेलाल मंदिर के समस्त सदस्यों पदाधिकारी ने उन्हें बधाइयां दी।

### माधव महाविद्यालय में हुआ भूगोल विषय पर दो-दिवसीय सेमिनार

# 55 विद्यार्थियों ने पीपीटी के माध्यम से अलग अलग टॉपिक पर पावर पॉइंट प्रजेंटेशन दो दिनों में प्रस्तुत किये

**माधव महाविद्यालय में भूगोल विषय पर भारतीय ज्ञान परंपरा के विशेष संदर्भ में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय उज्जैन के भूगोल विभाग द्वारा भौगोलिक अध्ययन में भारतीय ज्ञान परंपरा को केंद्र में रखते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा -भौगोलिक विचारधाराओं का इतिहास एवं भू-आकृति विज्ञान के विशेष संदर्भ मेंह्व विषय पर दो-दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत विद्यार्थियों को भारतीय परंपरागत भौगोलिक चिंतन तथा भू-आकृति विज्ञान की अवधारणाओं से परिचित कराना था। यह सेमिनार प्राचार्य प्रोफेसर कल्पना वीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सेमिनार के प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र की मुख्यातिथि एवं विषय-विशेषज्ञ डॉ. मनीषा दुबे, प्राध्यापक भूगोल, एम.एल.बी. शासकीय महाविद्यालय, भोपाल ने उपस्थित रहकर भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित भौगोलिक विचारों, प्राचीन ग्रंथों में वर्णित भू-आकृतिक अवधारणाओं तथा उनके आधुनिक भूगोल से संबंध पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया। यह सेमिनार भौगोलिक अध्ययन को भारतीय सांस्कृतिक दृष्टिकोण से समझने की दिशा में अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. मंसूर खान द्वारा कर अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसी अकादमिक कार्यशालाएँ विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ शोध अभिरुचि को भी प्रोत्साहित करती हैं।

डॉ. मोहन निमोले विभागाध्यक्ष, भूगोल द्वारा अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण दिया आपने भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय चिंतन पद्धति आज के आधुनिक भूगोल अध्ययन के लिए भी अत्यंत उपयोगी है। कार्यशाला का सफल संचालन डॉ. जफर महमूद द्वारा किया गया। आभार डॉ. गणेश राठौर द्वारा व्यक्त ज्ञापित किया गया। द्वितीय तकनीकी सत्र का संचालन डॉ. आनंद सिंह ठाकुर एवं प्रो. राधेश्याम मेवाड़ा द्वारा किया गया। दूसरे दिवस की अतिथि एवं विषय-विशेषज्ञ डॉ. प्रमिला बघेल विभागाध्यक्ष भूगोल शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन ने भौगोलिक अध्ययन में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत भारतीय त्योहारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय त्योहार केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे भौगोलिक, पर्यावरणीय एवं मौसमी परिस्थितियों से गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मकर संक्रांति, बैसाखी, पोंगल, ओणम, होली एवं दीपावली जैसे त्योहार ऋतु परिवर्तन, कृषि चक्र, सूर्य की गति, जलवायु तथा प्राकृतिक संसाधनों के संतुलन को दर्शाते हैं, ये त्योहार मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### 12 ज्योतिर्लिंगों की पदयात्रा पर निकले दंपति उज्जैन आए

# 4 हजार किलोमीटर की यात्रा कर महाकाल के दर्शन किए, अब 8 हजार किलोमीटर की यात्रा बाकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सनातन धर्म प्रचार के लिए 23 जुलाई 2025 को 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा के लिए जीवन संगिनी सोनिया राजानी के संग निकले नीलेश राजानी 4000 किलोमीटर से ज्यादा की पद यात्रा तय कर पांचवें ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर के दर्शन करने के लिए उज्जैन पधारे। उज्जैन पहुंचने पर सिंधी समाजजनों द्वारा दोनों का स्वागत किया गया।

श्रीअलख मेहरधाम आश्रम के महंत स्वामी आत्मदास जी द्वारा दोनों को आशीर्वाद दिया गया एवं आगे की यात्रा सुखमय व्यतीत हो का आशीर्वाद दिया गया। समाज के वरिष्ठजन, राजकुमार परसवानी, रमेश गजरानी, महेश गंगवानी, दीपक बेलानी, किशोर मुलानी, विनोद लुल्ला, राजेश आसवानी, चेतन केवलानी, ओमप्रकाश माखीजा, जवाहर सन्मुखानी, मनोहर गोप्लानी, दौलत लुल्ला एवं अन्य समाज जनों की उपस्थिति में स्वागत कर आगे की यात्रा के लिए मंगल कामनाएं दी।

# उज्जैन महानगर की 11 बस्तियों में विराट हिन्दू सम्मेलन आज

**शताब्दी वर्ष 2026 के अवसर पर हिन्दू समाज की एकता, संस्कृति और समरसता का संदेश**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संघ के शताब्दी वर्ष 2026 के अवसर पर उज्जैन विभाग हिन्दू सम्मेलन के अंतर्गत 1 जनवरी से महानगर स्तर पर विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज यानी रविवार, 18 जनवरी 2026 को उज्जैन महानगर के पांच नगरों की 11 बस्तियों में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन सम्मेलनों का उद्देश्य हिन्दू समाज को संगठित करना, सांस्कृतिक चेतना को जागृत करना, सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना तथा राष्ट्रभावना को प्रबल करना है।

इन आयोजनों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ बौद्धिक सत्र, संतों का मार्गदर्शन, मातृशक्ति की सहभागिता एवं सहभोज का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में समाज में विशेष उत्साह का वातावरण है, जिसे इन सम्मेलनों के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया जाएगा।

#### सम्मेलनों के प्रमुख कार्यक्रम

सम्मेलनों के अंतर्गत सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन, सामान्य ज्ञान एवं संस्कार आधारित गतिविधियाँ, बौद्धिक सत्र, पुरस्कार वितरण तथा सामाजिक सहभोज का आयोजन होगा। बच्चों, युवाओं एवं मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी इन सम्मेलनों की विशेषता रहेगी।

केशव नगर अंतर्गत चेतक केशव बस्ती में विराट हिन्दू सम्मेलन प्रातः 11 बजे आयोजित होगा। सम्मेलन का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर, महाकालपुरम परिसर में किया जाएगा।

विक्रमादित्य नगर क्षेत्र में विभिन्न बस्तियों में एक साथ सम्मेलन होंगे। गोवर्धन बस्ती में प्रातः 10 बजे समाधान मैदान में, अशोक मंडी बस्ती में प्रातः 10 बजे हरियाणा गोड धर्मशाला में तथा रणकेचुर बस्ती में प्रातः 10 बजे विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

सुदर्शन नगर के अंतर्गत तिरुपति सुदर्शन बस्ती में दोपहर 1 बजे श्री श्याम गार्डन, एमआर-4 तिरुपति सालीटर गेट पर सम्मेलन होगा। वहीं गोवर्धन बस्ती में दोपहर 3 बजे पद्मावती गार्डन, पद्मावती कॉलोनी में तथा धन्वंतरि बस्ती में प्रातः 10 बजे ऐलान सिटी उद्यान में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

माधव नगर क्षेत्र में किशनपुरा बस्ती में प्रातः 10 बजे संत बालीनाथ धर्मशाला में सम्मेलन आयोजित होगा। इसी नगर के पंवासा बस्ती में सायं 4:30 बजे रघुनन्दन गार्डन में विराट हिन्दू सम्मेलन संपन्न होगा।

कालिदास नगर अंतर्गत महानन्दा बस्ती में प्रातः 10:30 बजे शहनाई गार्डन, महानन्दा में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

इन सम्मेलनों के माध्यम से हिन्दू समाज को संगठित कर सांस्कृतिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया जाएगा। जिला आयोजन टोली, हिन्दू सम्मलेन उज्जैन ने समस्त हिन्दू समाज से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर हिन्दू सम्मेलन को सफल बनाएं। उक्त जानकारी जिला आयोजन टोली, हिन्दू सम्मलेन उज्जैन डॉ सुशील गुप्ता, राकेश अग्रवाल, हजारीलाल मालवीय, डॉ हेमंत जीनवाल, सीमा वशिष्ठ ने प्रदान की गई।

### दूषित जल से हुई मौतों के विरोध में कांग्रेसी बैठे उपवास पर

# शहर, जिला कांग्रेस ने अर्पित की श्रद्धांजली, मौन रखकर मृतकों की आत्मशांति के लिए की प्रार्थना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




इन्दौर के भागीरथ पुरा मे दूषित जल से हुई मौतों के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में 17 जनवरी की सुबह 11 बजे से टॉवर चौक पर डॉ भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपवास किया गया।

संगठन महा सचिव अजय राठौर ने बताया कि सर्व प्रथम शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने ब्लॉक अध्यक्षों सहित बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, उपवास स्थल पर महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उपवास की शुरूआत की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निदेर्शानुसार प्रदेश भर में 11 जनवरी को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को उपवास के लिए निदेशित किया गया था। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में उपवास स्थल पर बड़ी संख्या में शहर और जिले के कांग्रेस जन उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्य नारायण पंवार, नेता प्रति पक्ष रवि राय, ब्लॉक अध्यक्ष चंद्र भान सिंह चंदेल, भरत शर्मा, अभिषेक शर्मा, रईस कुरैशी, वीरेंद्र गोसर, संचित शर्मा, कैलाश बगाना, दुर्गेश धवन, बबलू खींची, देव व्रत यादव, अजीत सिंह ठाकुर, पार्षद अर्पित दुबे, छोटेलाल मंडलोई, धीरज यादव, अनवर नागोरी, चैन सिंह चौधरी, माजिद लाला, परमानंद मालवीय, मनीष शर्मा, सुनिल कछवाय, कुल दीप जाट, वीर सिंह राणा, कमल सिंह, निहाल सिंह गुर्जर, गुड्डू कुरेशी, उमेश वर्मा, पदम सिंह पटेल,सलीम भाई गैस वाले, सुरेश चौधरी, कप्तान सिंह पंवार, धर्मेंद्र सिसोदिया, गजराज सिंह, गब्बर ठाकुर, माजिद लाला, सत्य नारायण राठोर, हेमंत गोमे, फिरोज भारती, श्याम जटिया, चंदू यादव, पीयूष व्यास,अर्पित यादव, अर्पण राठौर, रंजीत बोडाना, असरार मामू, वासुदेव रावल, दिपेश जैन, जितेंद्र चौधरी, राहुल लोट, अनवर बाबा,बंटी वसीम, महेश सोलंकी,आत्मा राम मालवीय, रफीक भाई टेंपो वाले, वरूण शर्मा, पवन यादव, देवेन्द्र पाटनी, गजेंद्र मारोठिया, तेज कुमार मालवीय, संदीप सूर्यवंशी, प्रकाश सोलंकी, वीरेंद्र शर्मा, राजा ठाकुर, बाबू भाई मोयद्दी, वसीम मास्टर, नीलम विश्वास, उषा मालवीय, पूर्णिमा पाण्डेय, सीमा पटेल, मनीषाश्रीवास्तव, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जनों ने उपवास किया।

## खबर एक नजर...

### एनएच-52 पर दो बाइकों में भीषण भिड़ंत, महिला और बच्चे सहित चार घायल

**शाजापुर।** नेशनल हाईवे-52 स्थित बिजाना जोड़ के पास दो बाइकें आपस में टकरा गईं। इस दुर्घटना में चार लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उमरियाताज निवासी ईश्वरसिंह अपनी बाइक पर महिला मंजू और बच्चे मयंक के साथ सवार होकर उज्जैन जिले के घटिया घोसला स्थित ग्राम टुकराल जा रहे थे। जैसे ही वे नेशनल हाईवे-52 पर बिजाना जोड़ के समीप पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। घटना में ईश्वरसिंह, मंजू और मयंक के साथ दूसरी बाइक पर सवार शाजापुर निवासी साजिद भी घायल हो गया। घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### 14 मार्च को लगेगी नेशनल लोक अदालत

**शाजापुर।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में आगामी 14 मार्च 2026 शनिवार को शाजापुर और आगर मालवा जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला मुख्यालयों सहित सभी तहसील न्यायालयों में एक साथ होगा। लोक अदालत में आपराधिक शमनीय मामले, चेक बाउंस (धारा 138), बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद और भूमि अधिग्रहण जैसे मामलों का निराकरण आपसी सहमति से किया जाएगा। इसके अलावा बिजली व जल कर संबंधी प्रीलिटिगेशन मामलों में भी राहत दी जाएगी। प्राधिकरण ने बताया कि लोक अदालत की तैयारी के लिए जल्द ही प्रारंभिक बैठकों का दौर शुरू होगा।

### सात हजार रु. व जुआं उपकरण सहित दो आरोप पकड़ाये

**मन्दसौर।** वायडी नगर थाना क्षेत्र के मजेठी खाल खुले स्थान ग्राम माल्याखेड़ी पर पुलिस ने दो आरोपियों को ताशपत्ति से जुआं खेलते हुए पकड़ा। पुलिस से मौके से सात हजार रू. नगदी व जुआं उपकरण जब्त किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम यशोधर्मन थाना पुलिस ने यह कार्यवाही कर इस प्रकरण में आरोपी सोयब उर्फ मुन्ना पिता सलीम खां जयपुरा मस्जिद के पास खिलचीपुरा, महेश पिता कमलचंद निवासी शुक्ला चौक मंदसौर के खिलाफ 13 जुआं एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

### कार से 25 पेटी बीयर जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र के टकरावद फंटे से देवरी रोड़ मगरे के पास ग्राम देवरी पर एक कार से पुलिस ने 25 पेटी पावर बीयर की जब्त की। पुलिस के अनुसार शुक्रवार की दोपहर में यह कार्यवाही शामगढ़ थाना पुलिस ने की। इस प्रकरण में आरोपी सूरत (28) पिता गोपालसिंह निवासी ग्राम भुण्डिया थाना शामगढ़ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे की एक सफेद रंग की वेन्यू कार व 25 पेटी पावर बीयर जप्त की।

# अस्पताल में चोरों के हौसले बुलंद, मोबाइल चोरी कर भागा अज्ञात बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



जिला अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था के दावे एक बार फिर खोखले साबित हुए हैं। अस्पताल परिसर में सक्रिय चोर गिरोह ने एक और वारदात को अंजाम देते हुए मरीज के परिजन का मोबाइल पार कर दिया। हैरानी की बात यह है कि घटना के बाद पीड़ित करीब एक घंटे तक सीसीटीवी फुटेज देखने के लिए अस्पताल प्रबंधन के पास गुहार लगाता रहा, लेकिन उसे कोई सहयोग नहीं मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार उज्जैन जिले के ग्राम नादेड़ा निवासी लाखनसिंह अपनी भाभी की डिलीवरी के कारण पिछले कुछ दिनों से जिला अस्पताल में ठहरे हुए थे। शनिवार सुबह करीब 5 बजे उन्होंने अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाया था। इसी दौरान किसी अज्ञात बदमाश ने मौका पाकर मोबाइल चुरा लिया। जब लाखन सिंह की नींद खुली, तो मोबाइल गायब देख उनके होश उड़ गए।

मोबाइल चोरी होने के बाद पीड़ित ने तुरंत अस्पताल प्रशासन से सीसीटीवी फुटेज दिखाने का आग्रह किया ताकि चोर की पहचान हो सके। आरोप है कि पीड़ित करीब एक घंटे तक जिम्मेदारों के चक्कर काटता रहा, लेकिन उसे फुटेज नहीं दिखाए गए और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया। थक-हारकर पीड़ित ने दोपहर करीब 12 बजे अस्पताल स्थित पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई।

जिला अस्पताल में लगातार हो रही चोरी की वारदातों ने यहां की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि अस्पताल में रात के समय सुरक्षा गार्डों की गश्त ना के बराबर है, सीसीटीवी कैमरे होने के बावजूद समय पर उनका लाभ पीड़ितों को नहीं मिल पाता। मरीजों के परिजनों ने मांग की है कि परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

## इंदौर जल त्रासदी पर न्याय के लिए शाजापुर में कांग्रेस का उपवास

### प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

फोटो-17एसजेआर03- उपवास पर बैठे कांग्रेसी।

शाजापुर। इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के मामले में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए शनिवार को शाजापुर जिला कांग्रेस ने हुंकार भरी। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय उपवास रखकर अपना विरोध दर्ज कराया। बस स्टैंड पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए। प्रदर्शन स्थल पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर के सामने कांग्रेस नेताओं ने मौन और उपवास के जरिए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। कार्यकताओं के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर भागीरथपुरा की जनता को न्याय दो और सरकार विरोधी नारे लिखे हुए थे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इंदौर में इतनी बड़ी घटना के बावजूद अब तक न तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कड़ी कार्रवाई हुई है और न ही पीड़ित परिवारों को न्याय मिला है। इस अवसर पर शाजापुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## टीआई की गाड़ी के कांच फोड़े, पटवारी, हेड कॉन्स्टेबल को आई चोट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

गिट्टी खदान की जमीन नपती कर कब्जा दिलाने पहुंचे प्रशासन, खनिज विभाग व पुलिस दल पर अतिक्रमण करने वालों ने पथराव कर दिया। कुछ ने गोफन चलाकर भी पत्थर मारे। पथराव में एक टीआई की गाड़ी के कांच फूट गए। एक कॉन्स्टेबल व पटवारी को चोट लगी है।

घटनाक्रम शुक्रवार दोपहर का है। जिले के सरवनी खुर्द में सर्वे नंबर 167 एक दंपती को अलॉट की गई गिट्टी खदान का अतिक्रमण हटाने और कब्जा दिलवाने प्रशासन के अधिकारी, खनिज विभाग व पुलिस टीम के साथ पहुंचे थे। टीम ने अतिक्रमण करने वालों को हटने की समझाइश दी। लेकिन वह लोग नहीं माने। अतिक्रमण करने वालों और उनके साथियों व परिचितों ने हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते पथराव कर दिया। कुछ लोगों ने गोफन चलाकर भी पत्थर मारे।



### पुलिस की गाड़ी के कांच फूटे

हमले में महिला थाना टीआई रेखा चौधरी की जीप एमपी-03 ए 3678 का आगे और ड्राइवर साइड का कांच फूट गया। दूसरी सरकारी गाडि़ंयों पर भी पत्थर लगे। पत्थर लगने से माणक चौक थाने के हेड कॉन्स्टेबल सुधीर राठौर और पटवारी शैलेंद्र व्यास घायल हो गए। राठौर के बांए हाथ की बांह पर चोट लगी है। हाथ के अंदर का मांस फट गया है। जिला अस्पताल में उनकी ड्रेसिंग करवाई गई। पटवारी व्यास के हाथ में भी हल्की चोट लगी है।

## दलोदा से 100 क्विंटल लहसुन चुराकर मुंबई में बेचने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** धोखाधड़ी कर मंडी से माल गायब करने वाले अपराधियों को पकड़ने में जिले के दलोदा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने करीब 100 क्विंटल लहसुन गायब कर उसे मुंबई मंडी में बेचने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए मुख्य आरोपी को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार 10 जून 2025 को फरियादी महेंद्र सिंह राजपूत निवासी लखमाखेड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी मंडी स्थित दुकान से लगभग 222 कट्टे (100 क्विंटल) लहसुन धोखाधड़ी पूर्वक गायब कर दिया गया है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। एसपी विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर महाराष्ट्र के पुणे और मुंबई में दबिश दी, लेकिन अंततः मुख्य आरोपी सोहन उर्फ सोनू पाटीदार को हिमाचल प्रदेश के राजगढ़ से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने वारदात में उपयोग किया गया आईशर ट्रक नं. एमपी 09 जीजे 2872 और माल मश्रुका भी जब्त कर लिया है। पुलिस इस मामले में अब तक मुख्य आरोपी सोहन उर्फ सोनू पाटीदार निवासी रानीगाँव, रतलाम, राजेन्द्र सिंह राजपूत निवासी नागदा, जिला धार, शुभम देवड़ा निवासी मन्दसौर व अनिल पोरवाल निवासी नीमच को गिरफ्तार कर चुकी है। एक अन्य आरोपी पुष्कर पाटीदार निवासी बरथुन, नीमच अभी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### कॉलेज में उद्यमिता एवं स्टार्टअप पर व्याख्यान 19 जनवरी को

मन्दसौर। विद्यार्थियों को स्वरोजगार और नवाचार के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से स्थानीय राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा कल 19 जनवरी, सोमवार को च्उद्यमिता एवं स्टार्टअपज्ज विषय पर व्याख्यान आयोजित किये जाऐंगे। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल और कैरियर मार्गदर्शन सेल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन सचिव और अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष गौरव पाटीदार ने बताया कि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे के मार्गदर्शन में होने वाले इस आयोजन का प्राथमिक लक्ष्य युवाओं को नौकरी खोजने के बजाय नौकरी देने वाला बनाने के लिए जागरूक करना है।

### अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही कर 550 लीटर लहान जब्त कर नष्ट किया

**नीमच।** जिला पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री एन. एस. सिसौदिया एवं प्रभारी एसडीओपी मनासा श्रीमती निकिता सिंह के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी रामपुरा निरीक्षक विजय सागरिया के नेतृत्व में थाना रामपुरा पुलिस स्टॉफ द्वारा आज दिनांक 17 जनवरी को ग्राम आमलिया मे दबिश देकर 550 लीटर लहान नष्ट किया ।

## अतिक्रमण हटाने गई टीम पर तानी बंदूक, मामला दर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

प्रशासन का पीला पंजा जब अवैध निर्माण को जमींदोज करने निकला, तो आरोपी शख्स ने सीधे अधिकारियों पर मौत का सामान तान दिया। दरअसल मक्सी के वार्ड क्रमांक 15 में उस वक्त हड़कंप मच गया जब अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर परिषद, राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम के सामने इंदर सिंह पाटीदार नाम का शख्स 12 बोर की बंदूक लेकर खड़ा हो गया। आरोपी ने न केवल टीम को भद्दी-भद्दी गालियां दीं, बल्कि अपनी बंदूक की नाल उनकी तरफ तानकर काम रुकवा दिया। इस सनसनीखेज दुस्साहस के बाद अब पुलिस आरोपी की कुंडली खंगाल रही है।

जानकारी के मुताबिक गडरोली क्षेत्र में इंदर सिंह पाटीदार के अवैध कब्जे की शिकायत पर नगर परिषद मक्सी ने 18 नवंबर 2025 को आखिरी चेतावनी नोटिस दी थी। इसके बाद जब टीम पूरे दलबल के साथ कार्रवाई करने पहुंची, तो इंदर सिंह ने सरेआम गुंडागर्दी शुरू कर दी। नगर परिषद कर्मचारी विनोद कुमार गिरजे और कमल सिंह गुर्जर सहित पूरी टीम उस वक्त सन्न रह गई, जब विवाद के बीच आरोपी घर के अंदर भागा और हाथ में चमचमाती 12 बोर की बंदूक लेकर बाहर निकला। बंदूक तानते ही मौके पर मौजूद कर्मचारियों और राहगीरों के हाथ-पैर फुल गए।

### आरोपी पर दर्ज हुआ मुकदमा

सरकारी काम में बाधा डालने और अधिकारियों की जान जोखिम में डालने के मामले को प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया है। मक्सी पुलिस ने 15 जनवरी 2026 को आरोपी इंदर सिंह पाटीदार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## खुशियां मातम में बदली, ट्रेन की टक्कर से आक्या चौहानी के युवक की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

मकर संक्रांति का पर्व मनाने उज्जैन से अपने गांव आए एक युवक के लिए रात काल बनकर आई। बेरछा थाना क्षेत्र के ग्राम आक्या चौहानी में रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और खुशियों वाले घर में चीख-पुकार मच गई। मृतक की शिनाख्त अनिल निवासी आक्या चौहानी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अनिल उज्जैन में कार्यरत था और मकर संक्रांति की छुट्टियों में अपने परिवार के साथ समय बिताने गांव आया था। शुक्रवार रात वह किसी कार्यवश रेलवे लाइन के पास से गुजर रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना मिलते ही बेरछा पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। रात का समय होने के कारण शव को जिला अस्पताल स्थित मर्चुरी में रखवाया गया था। शनिवार सुबह करीब 11 बजे पुलिस ने पंचनामा बनाया और कानूनी कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द किया।

### जलभराव मामले में रेलवे अधिकारी को अपना पक्ष रखने के आदेश

**मन्दसौर।** शहर के गीता भवन और रेलवे स्टेशन अंडरब्रिज में जलभराव मामले में जन लोक उपयोगी अदालत में चल रही सुनवाई के दौरान शनिवार को न्यायालय ने रेलवे अधिकारी को आगामी पेशी ३१ मई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का आदेश दिया है। अधिवक्ता विनोद सालवी, महेश कुमार मोदी और इसरार खान द्वारा जनहित में एक याचिका दायर की गई है। हमेशा पानी भरा रहने से दोपहिया वाहन चालक आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं

## खबर एक नजर...

### श्री वैदेही सखियों द्वारा मकर संक्रान्ति पर हल्दी कुमकुम का आयोजन किया

**मंडलेश्वर।** शुक्रवार को स्थानीय जूना श्रीराम मन्दिर में श्री वैदेही सेवा प्रकल्प की सखियों द्वारा मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष में हल्दी कुमकुम का आयोजन किया गया इसमें धार्मिक सनातन संस्कारों पर प्रश्नोत्तरी की प्रतियोगिता रखी गई साथ ही श्री वैदेही सखियों द्वारा पारंपरिक भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई इस अवसर पर श्री वैदेही सेवा प्रकल्प की संगठन मंत्री अर्चना पाटीदार अध्यक्ष सुनीता महादेव पाटीदार पूर्व अध्यक्ष कोर ग्रुप की सदस्य नलिनी व्यास रानी अग्रवाल निशा डोंगरे रोशनी चौहान सीमा जोशी मीनू कुशवाह सोनालिका पुष्पा व्यास मालती बडोले उषा डोंगरे कार्यकारिणी सदस्य मनोरमा चौरे सीमा केवट दुर्गा पाटीदार शांता पंचोली मनोरमा राठौर सजन कुशवाहा पिंकी शर्मा नीलम मालवीया, गायत्री राठौड़ रीटा जोशी रेखा कानूनगो प्रियंका शर्मा श्रावणी मोयदे शीतल पाटीदार जीवन पटेल नीलम केवट राखी अग्रवाल सहित अनेक श्री वैदेही सखियां उपस्थित रही।सभी सखियों को संस्था की ओर से हल्दी कुमकुम लगाकर उपहार दिए गए। कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक भोज हुआ जिसमे सखियों से कड़ी खिचड़ी व तिल गुड़ की मिठाई का आनन्द लिया।

### धारगांव में नाबालिक लड़की बेहोशी की हालत में मिली

**मंडलेश्वर।** शुक्रवार को धारगांव में एक नाबालिक लड़की बेहोशी की हालत में मिली। जिसे सरपंच के पिता और एक अन्य महिला डायल 112 के माध्यम से सिविल अस्पताल मंडलेश्वर लेकर आए। धरगांव सरपंच के पिता कोमलसिंह रावत ने बताया सुबह 8 बजे बड़वाह रोड मोड के पास एक लड़की बेहोशी की हालत में पड़ी थी। जिसके बाद मैने पास ही में डेरा डाली हुई लोहारी का काम करने वाली भागवतबाई राठौड़ को बुलाया। इस दौरान भीड़ भी एकत्रित हो गई। लड़की को पानी छिड़क कर जगाया। उसने केवल अपना नाम ही बताया था। बाकी कुछ नहीं बता पा रही थी। एएसआई लक्ष्मीनारायण बडोदिया ने बताया 13 वर्षीय लड़की इंदौर के पास के गांव का नाम बताया है। परिजनों के आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है और जांच की जा सकती है। उसे वन स्टॉप सेंटर भेजा जा रहा है।

### प्रेमी-प्रेमिका ने कुएं में कूद कर आत्म हत्या करने का प्रयास किया

**मंडलेश्वर।** इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती प्यार में बदली और लड़की मुंबई से लड़के के घर भी आ गई। लेकिन सोशल मीडिया का यह प्यार एक दिन में ही खत्म हो गया। थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया चिराग (18) पिता दीप नयन राठौर का गुरुवार को जन्मदिन था और बालिग हुआ था। जबकि नाबालिक लड़की मुंबई से चिराग के गांव जलूद आई थी। जिसके बाद किसी बात पर दोनो ने कुएं में कूद कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसमें लड़की की जान चली गई और लड़के को बचा लिया गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी जलूद रोड के पास के कुएं से खेत में काम कर रही महिलाओं ने बचाव-बचाव की आवाज सुनी। कुएं में लड़का-लड़की डूब रहे गए। जिसके बाद वहां भरी भीड़ लग गई। लेकिन उन्हें कोई बचाने का प्रयास नहीं किया। आवाज सुन कर वहां से गुजर रहा ट्रेक्टर का ड्राइवर गोविंद (30) देवड़ा निवासी जलूद दौड़ कर आया और बिना कुछ सोचे समझे कुएं में कूद गया। लोगों ने दोनों को कड़ी मशक्कत के बाद कुएं से बाहर निकाला लेकिन लड़की की जान नहीं बच सकी है।

### सद्भावना दौड़ का आयोजन 30 जनवरी को सुवासरा में होगा

**सुवासरा।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय सदभावना ग्रुप के तत्वाधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि 30 जनवरी पर एक शाम शहीदों के नाम राष्ट्रीय गीतों पर आधारित रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति रात्रि 8 बजे से एवं सद्भावना दौड़ का आयोजन 30 जनवरी को प्रातः 10 बजे स्थानीय सभा चौक सुवासरा से प्रारंभ होगी सद्भावना दौड़ सदर बाजार, गणेश चौक ,जैन मंदिर के सामने तहसील रोड से होते हुए पुनः सभा चौक पर समाप्त होगी

# 33वें राष्ट्रीय आदिवासी महासम्मेलन में पिरामल फाउंडेशन की भागीदारी, स्वास्थ्य जागरूकता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर



मध्यप्रदेश ब्लॉक नेपानगर के ग्राम चैनपुरा में दिनांक 13 से 15 जनवरी तक आयोजित 33वें राष्ट्रीय आदिवासी महासम्मेलन में पिरामल फाउंडेशन मध्यप्रदेश की टीम ने अत्यंत सक्रियता और उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराई। तीन दिवसीय इस आयोजन के दौरान पिरामल फाउंडेशन की टीम ने समुदाय के बीच सतत संवाद स्थापित करते हुए स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं गैर-संचारी रोगों (विशेषकर मधुमेह एवं सिकल सेल एनीमिया) से संबंधित जानकारी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरल, सहज एवं रोचक तरीके से प्रस्तुत की।

महासम्मेलन में युवा वर्ग एवं समुदाय को जोड़ने हेतु रोचक प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें आदिवासी संस्कृति, साहित्य, जीवनशैली और परंपराओं पर ज्ञान का आदान-प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, परंपरागत खाद्य पदार्थों, हरी सब्जियों तथा प्रकृति एवं वनों पर आधारित स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े क्विज सत्रों में भी युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दृश्य-श्रव्य माध्यमों, पेम्फलेट्स एवं पोस्टरों के द्वारा जनसमुदाय को मधुमेह एवं सिकल सेल एनीमिया के लक्षण, बचाव एवं उपचार से संबंधित जानकारी तीनों दिनों में निरंतर साझा की गई। महासम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण सर्टिफाइड ट्राइबल हिलर्स की सहभागिता रही, जिन्होंने जनजातीय समुदाय की अपनी प्राचीन परंपराओं के अनुरूप जड़ी-बूटियों और वनौषधियों से सामान्य बीमारियों के उपचार की विधियों को जनसमुदाय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस पहल ने पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली, प्रकृति-आधारित उपचार और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति समुदाय में बेहतर समझ विकसित की। पिरामल फाउंडेशन की यह भागीदारी आदिवासी समुदायों में स्वास्थ्य-जागरूकता, परंपरागत ज्ञान के आदान-प्रदान और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई।

### मां नर्मदा महापुराण का भव्य आयोजन शनिवार को प्रारंभ हुआ



**मंडलेश्वर।** मां नर्मदा जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मंडन मिश्र की नगरी में मां नर्मदा महापुराण का भव्य आयोजन शनिवार को प्रारंभ हुआ। कथा के पहले दिन सुबह राम घाट पर मां नर्मदा और कलशों का पुजन किया गया। मां नर्मदा जी का दुग्धाभिषेक के पश्चात यहां से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर पूजा और आरती के बाद कथा शुरू हुई। कथा वाचक पं अंतेष व्यास महाराज ने कथा में भगवान शिव-पार्वती विवाह, सती (पार्वती) दाह और गणेश व कार्तिकेय का पृथ्वी परिक्रमा के प्रसंगों की कथा सुनाई। आयोजक मंडल मां नर्मदा 'आप और हम' के सदस्यों ने बताया कथा का आयोजन 8 साल से चल रहा है। महापुराण कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 12 से 4 बजे तक किया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन प्रातः 7 बजे एवं सायं 7.30 बजे महाआरती होगी। कथा की पूर्णाहुति एवं महाभंडारे का आयोजन 23 जनवरी को शाम 5 बजे किया जाएगा।

# ग्राम पंचायत एमागिर्द में लंबे समय से चल रहे भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर




जिले की ग्राम पंचायत एमागिर्द में लंबे समय से चल रहे भ्रष्टाचार और गैरकानूनी गतिविधियों का आज एक बड़ा पर्दाफाश हुआ है। जनपद पंचायत बुरहानपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को शिकायतकर्ता ठाकुर प्रियांक सिंह ने मौके पर बुलवाकर सिंधी बस्ती बायपास रोड पर संचालित एक अवैध अतिरिक्त ग्राम पंचायत कार्यालय को बताया जिसे तत्काल प्रभाव से बंद करवा दिया गया है।

इस कार्यालय में सरपंच अब्दुल शाहिद और सचिव फिरोज तडवी द्वारा विभिन्न भ्रष्टाचारपूर्ण कार्यों का संचालन किया जा रहा था, जिसकी शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता ठाकुर प्रियांक सिंह द्वारा की गई थी। इस कार्रवाई के दौरान सभी फाइलें, दस्तावेज और कागजात जब्त कर लिए गए हैं, तथा पंचायत सचिव फिरोज तडवी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

ग्राम पंचायत एमागिर्द का आधिकारिक सरकारी कार्यालय पहले से ग्राम लोधीपुरा में स्थापित है, जहां सभी सरकारी कार्यों का संचालन होना चाहिए। हालांकि, सरपंच अब्दुल शाहिद और सचिव फिरोज तडवी ने सिंधी बस्ती बायपास रोड पर एक अतिरिक्त कार्यालय स्थापित कर रखा था, जो पूरी तरह से गैरकानूनी था।

ग्रामीणों की शिकायतों के अनुसार, यहां से विभिन्न अनियमितताएं हो रही थीं, जैसे कि फर्जी लाभार्थियों की सूची तैयार करना, सरकारी फंडों का दुरुपयोग, और अन्य गैरकानूनी सौदेबाजियां। इस तरह की गतिविधियां न केवल ग्राम पंचायत की विश्वसनीयता को क्षति पहुंचाती हैं, बल्कि गरीब और जरूरतमंद ग्रामीणों के हक को भी छीनती हैं।

आज की कार्रवाई में जनपद सीईओ द्वारा मौके पर पहुंचकर पूरे परिसर की जांच की गई। अवैध कार्यालय में रखी गई सभी फाइलें, रजिस्टर, कंप्यूटर डेटा और अन्य दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है, ताकि आगे की जांच में इनका उपयोग किया जा सके। सचिव फिरोज तडवी को उनके पद से तत्काल निलंबित कर दिया गया है, और सरपंच अब्दुल शाहिद के खिलाफ भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

# शनवारा-लालबाग मार्ग निर्माण कार्य प्रारंभ, 16.82 करोड़ की लागत से होगा विकास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

बुरहानपुर नगरवासियों के लिए राहत और विकास की एक और बड़ी सौगात के रूप में बहुप्रतीक्षित शनवारा-सिंधीबस्ती से लालबाग रेलवे स्टेशन तक व्हाइट टॉपिंग सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। 16 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत इस महत्वपूर्ण परियोजना का कार्य राज्य सरकार द्वारा वर्क ऑर्डर जारी होने के पश्चात विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस (दीदी) के निर्देश पर मौके पर प्रारंभ कराया गया है। औपचारिक भूमिपूजन कार्यक्रम शीघ्र आयोजित किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा यह परियोजना व्हाइट टॉपिंग तकनीक से लगभग 4 किलोमीटर लंबाई में निर्मित की जाएगी। दोनों ओर 7-7 मीटर चौड़ी लेन एवं मध्य डिवाइडर का सुव्यवस्थित निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त डिवाइडर पर 50 लाख रुपए की लागत से रैलिंग निर्माण की भी स्वीकृति मिली है, जिससे मवेशियों के विचरण पर नियंत्रण होगा और दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम होंगी।

**अर्चना चिटनिस ने माना मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री का आभार**

अर्चना चिटनिस ने इस महत्वपूर्ण परियोजना की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार बुरहानपुर सहित सम्पूर्ण प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है।

### कांग्रेस कमेटी ने प्रतिमा स्थल पर धरना-प्रदर्शन किया

**खरगोन।** नगर पालिका द्वारा टंट्या मामा की प्रतिमा स्थापना को लेकर उठे विवाद में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रतिमा स्थल पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में भगवानपुरा विधायक केदार डाबर, भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक विशेष रूप से उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने नगर पालिका खरगोन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि टंट्या मामा की प्रतिमा के लिए 9.90 लाख रुपये की लागत का टेंडर जारी किया गया, जबकि मौके पर एक लाख रुपये से भी कम कीमत की फाइबर की मूर्ति स्थापित की गई है। कांग्रेस का आरोप है कि यह सीधा-सीधा भ्रष्टाचार का मामला है। धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने इसे आदिवासी समाज का अपमान बताया।

# दायित्व एक व्यवस्था है हमें कार्यकर्ता बनकर काम करना है - चंचल पाटीदार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मनावर

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन द्वारा संगठन के कार्य विस्तार को लेकर नवीन भाजपा धार ग्रामीण जिला की रचना की मुझे से सामान्य कार्यकर्ता को एक बड़ी जिम्मेदारी दी है हम सब कार्यकर्ता है दायित्व व्यवस्था है लेकिन पहले हम कार्यकर्ता है हमें निरंतर चरैवेति चरैवेति के साथ निरंतर संगठन के साथ है हमारा 1 वर्ष बहुत कठिन था हमारे जिले के वरिष्ठ जनों एवं जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं के दम पर हम आज.यहा पहुंचे हैं दायित्व आज है कल नहीं है हम कार्यकर्ता बनकर काम करना है। उक्त बात यहां भाजपा कार्यालय पर भाजपा धार ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने कहीं मनावर नगर मंडल द्वारा सफलतम १ वर्ष पूर्ण करने पर स्वागत सम्मान समारोह में कहीं हम पहले कार्यकर्ता है प्रदेश नेतृत्व ने ग्रामीण ग्रामीण जिले की बड़ी जिम्मेदारी दी है वह हम सब ने मिलकर काम किया है। साथ जिला संगठन का काम करना आप सभी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने का काम किया और काम सदा संगठन खड़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो के भाव के साथ काम करना चाहिए इस अवसर पर धार ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष आदरणीय श्री चंचल जी पाटीदार को संगठन के प्रति समर्पित नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर सक्रियता के साथ सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण करने पर स्वागत सम्मान किया गया

### श्री वैदेही सखियों द्वारा मकर संक्रान्ति पर हल्दी कुमकुम का आयोजन किया

**मंडलेश्वर** शुक्रवार को स्थानीय जूना श्रीराम मन्दिर में श्री वैदेही सेवा प्रकल्प की सखियों द्वारा मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष में हल्दी कुमकुम का आयोजन किया गया इसमें धार्मिक सनातन संस्कारों पर प्रश्नोत्तरी की प्रतियोगिता रखी गई साथ ही श्री वैदेही सखियों द्वारा पारंपरिक भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई इस अवसर पर श्री वैदेही सेवा प्रकल्प की संगठन मंत्री अर्चना पाटीदार अध्यक्ष सुनीता महादेव पाटीदार पूर्व अध्यक्ष कोर ग्रुप की सदस्य नलिनी व्यास रानी अग्रवाल निशा डोंगरे रोशनी चौहान सीमा जोशी मीनू कुशवाह सोनालिका पुष्पा व्यास मालती बडोले उषा डोंग गायत्री राठौड़ रीटा जोशी रेखा कानूनगो प्रियंका शर्मा श्रावणी मोयदे शीतल पाटीदार जीवन पटेल नीलम केवट राखी अग्रवाल सहित अनेक श्री वैदेही सखियां उपस्थित रही।

# मास्कमैन पंजाबी सिंगर

## जिनकी दिशा पाटनी से डेटिंग की चर्चा



**तरनतारन में जन्मे तलविंदर, दिन में जॉब, रात में रिकॉर्डिंग करते, कैलिफोर्निया में रहते**

पंजाबी सिंगर तलविंदर इन दिनों पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी रहस्यमयी लुक के लिए मशहूर सिंगर तलविंदर एक्टर्स दिशा पाटनी के साथ बिना मास्क दिखे।

इनकी फोटो क्लिक करने वाले पैपराजी ने दावा किया है कि दिशा के साथ जो युवक दिखा वो पंजाबी सिंगर तलविंदर है। तलविंदर हमेशा अपना चेहरा मास्क और फेस पेंट के पीछे छिपाकर रखते हैं। तलविंदर का कहना है कि वह अपना चेहरा नहीं दिखाना चाहते। उनकी इच्छा है कि उनके फैंस उन्हें उनकी आवाज से जानें।

तरनतारन में पैदा हुए और लुधियाना में पले तलविंदर 16 साल की उम्र में माता-पिता के साथ कैलिफोर्निया (अमेरिका) चले गए थे। वहीं पर हायर एजुकेशन ली। अमेरिका में सबवे में काम किया और अपने सिंगिंग के शौक को जिंदा रखा। 2015 तक तलविंदर अपने गीत खुद रिकॉर्ड कर यूट्यूब पर डालते थे।

शुरुआत में काम करने के चलते इन्होंने अपने गीत अपना चेहरा छिपाकर अपलोड किए। हिट होने के बाद यही इनका सिग्नेचर स्टाइल बन गया। तलविंदर हाल ही में अपनी रहस्यमयी लुक से ज्यादा बालीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी के साथ नजर आने के कारण चर्चा में हैं।

**राजस्थान में एक्ट्रेस नूपुर सेनन की शादी में दिशा के साथ दिखे-** सेलिब्रिटी के फोटो खींचने वालों (पैपराजी) का दावा है कि पंजाबी सिंगर तलविंदर का चेहरा उदयपुर में पहली बार रिवील हुआ। तलविंदर के फैंस के लिए ये सबसे बड़ा सरप्राइज रहा। तलविंदर एक्ट्रेस नूपुर सेनन और सिंगर स्टेबिन बेन की शादी में शामिल होने उदयपुर पहुंचे। यहां वे बिना किसी मास्क या चश्मे के बिल्कुल साधारण लुक में नजर आए। शादी के फंक्शन से एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वे और दिशा पाटनी एक-दूसरे का हाथ थामे बातचीत करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद से ही दोनों के डेटिंग की खबरों ने जोर पकड़ लिया है। इसके बाद मुंबई एयरपोर्ट और फिर मुंबई में हुए रिसेप्शन में भी दोनों को एक साथ देखा गया, जहां मौनी रॉय भी उनके साथ मौजूद थीं।



### तलविंदर का तरनतारन से लेकर कैलिफोर्निया तक का सफर...

**दिन में काम करते, रात में सॉन्ग रिकॉर्ड करते:** तलविंदर का जन्म 23 नवंबर 1997 को तरनतारन जिले में हुआ। उनका बचपन लुधियाना में बीता। इसके बाद वे 16 साल की उम्र में अपने परिवार के साथ अमेरिका के कैलिफोर्निया शिफ्ट हो गए। संगीत के अपने सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने सबवे जैसे फूड आउटलेट्स पर भी काम किया। वे दिन में नौकरी करते और रात में अपने कमरे में गाने रिकॉर्ड करते थे।

**करियर की शुरूआत साउंड क्लाउड से की:** संगीत की अलग पहचान तलविंदर ने अपने करियर की शुरूआत साउंड क्लाउड से की। उन्होंने जानबूझकर अपना चेहरा छिपाया ताकि लोग उनकी सूरत के बजाय उनकी कला से जुड़ सकें। उनके गाने जैसे धुनिया, गाह और धुंधला युवाओं के बीच काफी फेमस हुए। उनके संगीत में इंडी-पॉप और आर-एंड-बी का ऐसा मिश्रण मिलता है जो पारंपरिक पंजाबी गानों से काफी अलग है। हाल ही में रिलीज हुई उनकी एल्बम मिसफिट को भी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है।

**अपनी लाइफ को रखते हैं प्राइवेट:** निजी जीवन और अपने परिवार को लेकर वे हमेशा से काफी प्रोटेक्टिव रहे हैं। उन्होंने कभी अपने माता-पिता के नाम का खुलासा नहीं किया है। लेकिन वे अकसर अपनी सफलता का श्रेय परिवार के सपोर्ट और उनके बलिदानों को देते हैं। फिलहाल तलविंदर अमेरिका और भारत के बीच रहकर अपने म्यूजिक प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं।






# मर्दानी 3 में रानी मुखर्जी की लड़ाई सबसे ज्यादा खतरनाक

**शातिर महिला विलेन से होगा मुकाबला, बोलीं- काली-दुर्गा से किरदार निभाने की ताकत मिलती है**

'राजा की आएगी बारात' से लेकर 'मर्दानी' तक रानी मुखर्जी ने हमेशा समाज को झकझोरने वाली कहानियां चुनीं। इस बार रानी मुखर्जी की लड़ाई फिल्म मर्दानी 3' में सबसे ज्यादा खतरनाक होने वाली है। यह फिल्म 30 जनवरी 2026 को थिएटर्स में रिलीज होगी। हाल ही में बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि ऐसे किरदार निभाने की हिम्मत काली और दुर्गा से मिलती है।

रानी मुखर्जी कहती हैं- मर्दानी सिर्फ एक फिल्म नहीं है, ये एक जिम्मेदारी है। शिवानी शिवाजी रॉय लोगों के दिलों में बस चुकी है। हर बार जब मैं इस किरदार में लौटती हूं, तो दबाव होता है कि पहले से ज्यादा सच्चाई और ताकत के साथ आऊं। इस बार लड़ाई और भी खतरनाक है, विषय और भी डरावना है। लेकिन ऐसी कहानियां बार-बार कही जानी चाहिए, क्योंकि जब तक दर्शक इन्हें देखेंगे नहीं, तब तक ऐसी फिल्में बनती नहीं रहेंगी।



**दुर्गा-काली की कहानियां सुनकर बड़े हुए हैं-** रानी मुखर्जी ने 'राजा की आएगी बारात' से लेकर 'मर्दानी 3' तक ऐसे मुश्किल टॉपिक्स चुने हैं, जो समाज को झकझोर कर रख देते हैं। रानी मुखर्जी कहती हैं- ऐसे किरदार निभाने की हिम्मत मम्मी और काली-दुर्गा से मिलती है। हम लोग बचपन से काली और दुर्गा को पूजते आए हैं। दुर्गा-काली की कहानियां सुनकर बड़े हुए हैं। जिन्होंने देवताओं की मदद की और असुरों का संहार किया। हम बंगालियों में यह अंदरूनी शक्ति अवचेतन अवस्था में बचपन से ही बसी रहती है।

**इस बार सामना शातिर महिला विलेन से-** मर्दानी 3 यश राज फिल्म्स की सफल फ्रैंचाइजी का तीसरा भाग है, जिसमें रानी मुखर्जी एक बार फिर निडर पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय के रोल में लौटी हैं। जो देश की कई लापता लड़कियों को बचाने के मिशन में जुटी हैं। इस बार शिवानी का सामना एक निर्दयी, शक्तिशाली और शातिर महिला विलेन से होगा, जिसके खिलाफ वह मासूम जिंदगियों के लिए एक हिंसक और बेरहम लड़ाई लड़ती नजर आएंगी।

**दर्शकों की सपोर्ट से सच्ची कहानियां लाने की हिम्मत होती है-** रानी मुखर्जी कहती हैं- मेरे जैसे आर्टिस्ट तभी ताकतवर बन पाते हैं जब फिल्में चलती हैं। इसलिए जब भी मैं ऐसी सच्ची कहानियां लेकर आती हूं, दर्शकों को इन्हें सराहना होगा और सुपरहिट बनाना होगा। तभी मैं अगली फिल्म ला पाऊंगी। मैं इसी लिए समाज के सच्चे मुद्दों, जैसे मानव तस्करी, महिला सुरक्षा और अपराध पर आधारित कठिन कहानियां चुन पाती हूं। जब दर्शकों का सपोर्ट मिलता है।

### भारत इंदौर में कोई वनडे नहीं हारा: न्यूजीलैंड से सीरीज डिसाइडर आज

# रोहित शर्मा- विराट कोहली इसके बाद 6 महीने तक इंटरनेशनल नहीं खेलेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर




भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का निर्णायक मुकाबला आज इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा। मुकाबला दोपहर 1:30 बजे शुरू होगा, जबकि टॉस 1:00 बजे होगा।

टीम इंडिया के दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली आज का मुकाबला खेलने के बाद अगले 6 महीने तक इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर रहेंगे। दोनों टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके हैं, इसलिए जुलाई में इंग्लैंड दौरे पर वनडे खेलते नजर आएंगे।

सीरीज 1-1 से बराबर है। भारत ने पहला वनडे 4 विकेट से जीता, जबकि दूसरे मुकाबले में न्यूजीलैंड ने 7 विकेट से बाजी मारी। न्यूजीलैंड के पास भारत में पहली वनडे सीरीज जीतने का मौका है, टीम यहां 7 सीरीज हार चुकी है।

**भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 52% मैच जीते-** भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अब तक खेले गए वनडे मैचों में लगभग 52% मुकाबले जीते हैं। दोनों टीमों के बीच 122 वनडे खेले गए, 63 में भारत और 51 में न्यूजीलैंड को जीत मिली। 7 मैच बेनतीजा रहे, जबकि एक मुकाबला टाई भी रहा। भारत में दोनों के बीच 42 वनडे खेले गए। भारत ने 32 मुकाबले जीते, जबकि न्यूजीलैंड को सिर्फ 9 में सफलता मिली। वहीं, एक मुकाबला बेनतीजा रहा।

**होलकर में एक भी वनडे नहीं हारा भारत-** 2006 से 2023 तक इंदौर के होलकर स्टेडियम में 7 वनडे खेले गए। सभी मुकाबले भारतीय टीम ने जीते। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यहां 2023 में एक वनडे खेला जा चुका है, तब भारत ने 90 रन से बाजी मारी थी।

**राहुल भारत के टॉप बैटर-** केएल राहुल इस सीरीज में भारत के टॉप बैटर हैं। उन्होंने 2 मैचों में 141 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से एक शतक निकला, जबकि अर्धशतक नहीं लगा। राहुल ने 124.77 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा ने टीम इंडिया के लिए अहम भूमिका निभाई हैं। उन्होंने 2 मैचों में 3 विकेट झटके। उनका बेस्ट प्रदर्शन 2 विकेट देकर 60 रन रहा। इसके अलावा उनकी इकोनॉमी 6.05 की रही है।

**मिचेल ने दूसरे वनडे में शतक लगाया-** डेरिल मिचेल ने दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड के लिए शतक लगाकर मैच जिताया। उन्होंने पहले मैच में भी फिफ्टी लगाई थी। उन्होंने 2 मैचों में कुल 215 रन बनाए। मिचेल ने तेजी से रन बनाते हुए 114.36 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। बॉलिंग डिपार्टमेंट में काइल जैमिसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 2 मैचों में 5 विकेट अपने नाम किए। इस दौरान उनका बेस्ट प्रदर्शन 4 विकेट देकर 41 रन रहा। जैमिसन की इकोनॉमी 5.55 की रही।

**काली मिट्टी से बनी पिच पर खेला जाएगा-** मैच होलकर स्टेडियम के चीफ पिच क्यूरेटर मनोहर जामले के मुताबिक, पिच काली मिट्टी से तैयार की गई है और यह बल्लेबाजों के लिए अनुकूल रहेगी। ठंड के चलते ओस अहम भूमिका निभा सकती है, जिससे दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीम को फायदा मिल सकता है।

**दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11**

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा।

**न्यूजीलैंड:** माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), डेवोन कॉन्वे, विल यंग, हेनरी निकोल्स, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मिच हे (विकेटकीपर), जैक फॉल्क्स, काइल जैमिसन, क्रिस्टियन क्लार्क, जैडन लेनोक्स।

## श्रेयस अय्यर की 25 महीने बाद टी-20 टीम में वापसी



### न्यूजीलैंड के खिलाफ तिलक वर्मा की जगह खेलेंगे, सुंदर की जगह बिश्नोई शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय वनडे टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर की 25 महीने बाद टी-20 टीम में वापसी हुई है। उन्हें चोटिल तिलक वर्मा की जगह मौका दिया गया है। बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड के भारत दौरे के लिए रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों की घोषणा की।

31 साल के श्रेयस अय्यर के अलावा रवि बिश्नोई को भी टीम में शामिल किया गया है। उन्हें चोट के कारण बाहर हुए वाशिंगटन सुंदर की जगह टीम में जगह मिली है। टी-20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी है। इस सीरीज का पहला मुकाबला 21 जनवरी को नागपुर में खेला जाएगा। श्रेयस अय्यर को पहले 3 मैचों के लिए ही टी-20 टीम में शामिल किया गया है। श्रेयस पिछले साल 25 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में चोटिल हो गए थे। उन्होंने 11 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे से ही इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की है। श्रेयस अय्यर ने पिछला टी-20 मैच दिसंबर 2023 में बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। उन्होंने 37 बॉल पर 53 रनों की पारी खेली थी। भारत ने इस मैच को 6 विकेट से जीता था। अय्यर ने टी-20 इंटरनेशनल करियर में 51 मैच खेले हैं। इन मैचों में अय्यर ने 8 अर्धशतकों के सहारे 1104 रन बनाए हैं। आईपीएल 2025 में श्रेयस अय्यर ने शानदार फॉर्म दिखाते हुए 175.07 के स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए थे और अपनी कप्तानी में पंजाब किंग्स को फाइनल तक पहुंचाया था।

## एशियन गेम्स 2026- क्रिकेट मुकाबले 17 सितंबर से शुरू होंगे

### टी-20 फॉर्मेट में होंगे मैच, 2023 में भारतीय मेंस-विमेंस टीम ने गोल्ड जीता था



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एशियन गेम्स 2026 के क्रिकेट शेड्यूल का ऐलान मंगलवार को किया गया। एशियन गेम्स में क्रिकेट मुकाबले 17 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच खेले जाएंगे।

जापान 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आइची-नागोया में एशियन गेम्स 2026 की मेजबानी करेगा। हालांकि, आइची-नागोया एशियाई खेल आयोजन समिति द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन की शुरूआत आधिकारिक उद्घाटन समारोह से नौ दिन पहले ही हो जाएगी।

एशियन गेम्स 2026 में क्रिकेट टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। मुकाबले आइची प्रांत के कोरोगी एथलेटिक पार्क में होगा। मेंस कैटेगरी में 10 टीमें हिस्सा लेंगी विमेंस क्रिकेट मैचेज 17 सितंबर से शुरू होंगे और मेडल मैच 22 सितंबर को होंगे। विमेंस कैटेगरी में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। इसके मैच क्वार्टर फाइनल से शुरू होंगे।

मेंस क्रिकेट टूर्नामेंट 24 सितंबर से शुरू होंगे और 13 अक्टूबर को मेडल फाइनल के साथ समाप्त होगा। इसमें 10 टीमें हिस्सा लेंगी और क्वार्टरफाइनल से पहले तीन दिन के प्रीलिमिनरी मैच खेले जाएंगे। सभी मैच दिन में डबल हेडर होंगे। सुबह का मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 5:30 बजे) शुरू होगा, जबकि दोपहर का मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे से खेला जाएगा। क्रिकेट चौथी बार एशियन गेम्स का हिस्सा होगा क्रिकेट एशियाई खेलों में चौथी बार शामिल होगा। ग्वांगझू 2010 एशियाई खेलों में क्रिकेट सबसे पहली बार शामिल हुआ था। बाद में इंचियोन 2014 में इसकी वापसी हुई, हालांकि इन मैचों को अंतरराष्ट्रीय दर्जा नहीं दिया गया था। 2022 में हांगझोउ चीन में हुए एशियन गेम्स का विजेता भारत था। 2026 में क्रिकेट चौथी बार इस गेम्स का हिस्सा होगा। 2018 हटाए जाने के बाद 2023 में क्रिकेट की वापसी इंचियोन 2014 के बाद एशियन गेम्स को जकार्ता 2018 में से हटा दिया गया था।

## हरियाणा के खिलाड़ियों पर टिकी पीडब्ल्यूएल की नींव



ब्रह्मास्त्र ▸▸ झज्जर

पीडब्ल्यूएल की नींव हरियाणा के रेसलर्स पर टीकी हुई है। लंबे अंतराल के बाद होने जा रहे पीडब्ल्यूएल के 5 वें सीजन में ओलिंपिक मेडलिस्ट अमन सहरावत, व 23 विश्व विजेता सुजीत कलकल, अंतिम पंघाल जैसे बड़े खिलाड़ी इस लीग में भाग ले रहे हैं। इनके साथ ही 4 बार के हिंद केसरी हैवी पहलवान भी पीडब्ल्यूएल में रेसलिंग करते नजर आएंगे।

पीडब्ल्यूएल लेकर शेड्यूल जारी कर दिया गया है। हरियाणा के खिलाड़ियों के लीग में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। लीग का आयोजन 15 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक नोएडा इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। 15 जनवरी को खेले जाने वाले सीजन के उद्घाटन मुकाबले में पंजाब रॉयल्स और यूपी डोमिनेटर्स आमने-सामने होंगे।

इस पीडब्ल्यूएल सीजन में हरियाणा के सितारों पर सबकी नजरें टीकी रहेंगी। अंतिम पंघाल, जिन्होंने 52 लाख में यूपी डोमिनेटर्स का दामन थामा, और मौजूदा अंडर-23 विश्व चैंपियन सुजीत कलकल, जिन्हें दिल्ली डंगल वॉरियर्स ने समान राशि में साइन किया। पेरिस ओलिंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत को टाइगर्स ऑफ मुंबई डंगल ने 51 लाख में टीम में शामिल किया।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छुट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चौंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## सोने ने बदल दी किस्मत

# बेतहाशा तेजी से अमीर हुए भारतीय परिवार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सोने के भाव में आई बेतहाशा तेजी से भारतीय परिवारों की संपत्ति 117 लाख करोड़ बढ़ी है। ग्रामीण इलाकों से लेकर महानगरों तक हर वर्ग के परिवारों की बचत का मूल्य अचानक बढ़ा है।

सोने की कीमतों में पिछले साल से जारी बेतहाशा तेजी ने भारतीय परिवारों की दौलत में जबरदस्त इजाफा किया है। इस वजह से पिछले साल के दौरान भारतीय परिवारों की संपत्ति में 117 लाख करोड़ रुपये (1.3 लाख करोड़ डॉलर) की वृद्धि हुई है। इससे परिवारों के लिए एक मजबूत खर्च करने की क्षमता बनी है। एचडीएफसी म्यूचुअल फंड की जारी रिपोर्ट सोने की अटूट चमक को रेखांकित करती है।

रिपोर्ट के अनुसार, देशभर के करोड़ों परिवारों के गहने, सिक्के और बार इस उछाल के प्रमुख लाभार्थी बने हैं। वैश्विक अस्थिरता, मुद्रा उतार-चढ़ाव और देशों के बीच तनावों ने निवेशकों को सोने की ओर आकर्षित किया, जिसका फायदा भारत को मिला। यह वृद्धि इतनी विशाल है कि यह कई देशों के जीडीपी से भी अधिक है। ग्रामीण इलाकों से लेकर महानगरों तक हर वर्ग के परिवारों की बचत का मूल्य अचानक बढ़ गया। खासकर महिलाएं, जो परिवार का अधिकांश सोना संभालती हैं, इस लाभ से मजबूत हुई हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह कागजी मुनाफा है, जो बाजार सुधार पर निर्भर करता है। फिर भी, यह संपत्ति उपभोग बढ़ाने, ऋण चुकाने या नए निवेश में सहायक सिद्ध हो सकती है। आर्थिक मोर्चे पर यह वृद्धि बैंकिंग क्षेत्र को गति देगी और नीति-निर्माताओं के लिए नई चुनौतियां पैदा करेगी। आरबीआई इस पर नजर रखे हुए है। कुल मिलाकर सोना भारतीय परिवारों का विश्वसनीय साथी साबित हुआ है।

## वनस्पति तेल आयात 8 प्रतिशत बढ़कर 13.83 लाख टन

# किस्ना ब्रांड देगा 1,200 कर्मचारियों को नौकरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वनस्पति तेल का आयात 2025-26 तेल वर्ष के दूसरे महीने दिसंबर, 2025 में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 8 फीसदी बढ़कर 13.83 लाख टन हो गया है। यह वृद्धि सोयाबीन और सूरजमुखी तेल के निर्यात में हुई भारी वृद्धि के कारण हुई है। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने कहा, अक्तूबर, नवंबर में कुल वनस्पति तेल आयात एक साल पहले की तुलना में 12 फीसदी घटकर 25.67 लाख टन रहा है। एसईए ने कहा, कुल मिलाकर ताड़ के तेल का आयात दिसंबर में 20 फीसदी घटकर 5.07 लाख टन रह गया। आरबीडी पामोलिन का आयात शून्य रहा। कच्चे पाम तेल का आयात इसी अवधि में 3.26 लाख टन से बढ़कर 5.03 लाख टन हो गया।

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र को 1,779 करोड़ का लाभ-** बैंक ऑफ महाराष्ट्र को दिसंबर तिमाही मे 1,779 करोड़ रुपये का फायदा हुआ है। एक साल पहले की समान तिमाही की तुलना में यह 26.5 फीसदी अधिक है। बैंक की कुल आय बढ़कर 8,277 करोड़ रुपये हो गई। शुद्ध ब्याज आय 16 फीसदी बढ़कर 3,422 करोड़ रुपये हो गई। एमडी एवं सीईओ निधु सक्सेना ने कहा, एक रुपये का अंतरिम लाभांश देने को बोर्ड ने मंजूरी दे दी है।

**रेडटेप संस्थापक 51 करोड़ डॉलर में बेचेंगे हिस्सेदारी-** घरेलू फुटवियर कंपनी रेडटेप के संस्थापक अपना अधिकांश हिस्सा 51 करोड़ डॉलर में बेचने की योजना बना रहे हैं। इसके लिए ब्लैकस्टोन और केकेआर से संपर्क कर रहे हैं। इस खबर के बाद मंगलवार को कंपनी के शेयर 12 फीसदी तक उछलकर बंद हुए। दिन में ये 16 फीसदी तक चढ़े थे। 1996 में स्थापित रेडटेप, नाइकी, बाटा इंडिया जैसी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करती है।

**एनपीएस में मिलेगी गारंटी पेंशन उच्चस्तरीय समिति बनाएगी नियम-** सरकार ने यूपीएस की तरह एनपीएस में गारंटी वाली पेंशन दिलाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत निश्चित पेंशन सुनिश्चित करने के लिए रूपरेखा एवं नियम तैयार करने को लेकर एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। पीएफआरडीए ने कहा, यह पहल पेंशन नियामक अधिनियम के अनुरूप है। इसका उद्देश्य एनपीएस अंशधारकों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली आय को सुनिश्चित और सुरक्षित बनाना है। समिति का उद्देश्य हर नागरिक के लिए उम्रदराज होने के बाद आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना है। 15 सदस्यीय समिति का गठन दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एमएस साहू की अध्यक्षता में किया गया है। इसके मुख्य कार्यों में नियमों का विकास, बाजार आधारित गारंटी, परिचालन के तौर-तरीके खोजना, जोखिम और कानूनी निगरानी, अंशधारकों की सुरक्षा शामिल हैं। केंद्र सरकार चालू वित्त वर्ष के बाकी बचे समय में पूंजीगत निवेश में कमी कर सकती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि सरकार ने कुल रकम का ज्यादातर हिस्सा पहली छमाही में ही खर्च कर दिया है।



### किस्ना ब्रांड देगा 1,200 कर्मचारियों को नौकरी

हरि कृष्णा समूह के हीरा और सोने के आभूषण ब्रांड किस्ना खुदरा बिक्री में वृद्धि के लिए चालू वित्त वर्ष में 1,200 नए कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना बना रहा है। 2024-25 में इसने विभिन्न विभागों में 1,000 कर्मचारियों की भर्ती की थी। कंपनी के एमडी पराग शाह ने कहा, भारत में आभूषणों की खपत तेजी से बदल रही है। इसका मुख्य कारण जेनरेशन जेड और आधुनिक महिलाएं हैं।

### शहरी सहकारी बैंकों के लिए फिर जारी होगा लाइसेंस

आरबीआई ने दो दशकों से अधिक समय के बाद शहरी सहकारी बैंकों (बीकेएस) के लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया फिर से शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। यह प्रक्रिया विभिन्न नियामक जरूरतों के अधीन होगी, जिनमें न्यूनतम पूंजी सीमा 300 करोड़ रुपये होना शामिल है। 2004 से शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के लाइसेंस जारी करने पर रोक लगा रखी थी। अब इसे फिर से शुरू किया जा सकता है।

### डुकाटी लॉन्च करेगी इस साल 10 मॉडल

नई दिल्ली। इटली की लग्जरी मोटरसाइकिल निमार्ता डुकाटी ने इस साल घरेलू बाजार में लॉन्च करने के लिए 10 नए और अपडेटेड मोटरसाइकिल मॉडल तैयार किए हैं। इनमें डेस्मो 450 एमएक्स, नई मल्टीस्ट्राडा वी4 रैली का 2026 संस्करण, पैनिगेल वी4 लेम्बोर्गिनी, नई मॉन्स्टर वी2 व हाइपरमोटाड वी2/वी2 एसपी आदि शामिल हैं। इनमें से एक मोटरसाइकिल मॉडल, पैनिगेल वी4आर बाजार में आ चुकी है।

## भारत-जापान संबंध

### जापानी विदेश मंत्री ने दिल्ली मेट्रो की सवारी कर दिया आर्थिक सहयोग का संदेश



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत और जापान ने अकऔर क्रिटिकल मिनरल्स पर नई साझेदारी की घोषणा की। जापानी विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने पीएम मोदी से मुलाकात की और दिल्ली मेट्रो की सवारी की। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। भारत और जापान ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को एक नई रणनीतिक ऊंचाई देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जापानी विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी की तीन दिवसीय भारत यात्रा (15-17 जनवरी, 2026) के दौरान दोनों देशों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्रिटिकल मिनरल्स (महत्वपूर्ण खनिजों) जैसे भविष्य के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। शनिवार को संपन्न हुई इस यात्रा के दौरान मोतेगी ने न केवल उच्च स्तरीय कूटनीतिक बैठकें कीं, बल्कि भारत-जापान आर्थिक सहयोग के प्रतीक 'दिल्ली मेट्रो' की सवारी भी की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके जापानी समकक्ष तोशिमित्सु मोतेगी के बीच 18वीं भारत-जापान रणनीतिक वार्ता के दौरान भविष्य की तकनीक और संसाधन सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों पक्षों ने एक नया 'अक डायलॉग' शुरू किया है और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों पर सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए 'क्रिटिकल मिनरल्स' पर एक संयुक्त कार्य समूह गठित करने का निर्णय लिया है। एस. जयशंकर ने बैठक के दौरान कहा कि पिछले दो दशकों में भारत और जापान के संबंध मुख्य रूप से आर्थिक साझेदारी से बढ़कर एक व्यापक और रणनीतिक रिश्ते में तब्दील हो गए हैं। उन्होंने क्वाड, संयुक्त राष्ट्र, जी4 और जी20 जैसे मंचों पर दोनों देशों के सहयोग को रेखांकित किया।

## भारत के श्रम बाजार में मिश्रित संकेत

# दिसंबर में बेरोजगारी दर बढ़कर 4.8% हुई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी दिसंबर 2025 के पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के आंकड़ों के अनुसार, भारत में बेरोजगारी दर मामूली बढ़कर 4.8% हो गई है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2025 में भारत की बेरोजगारी दर में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर नवंबर के 4.7 प्रतिशत के मुकाबले बढ़कर 4.8 प्रतिशत पर पहुंच गई है।



**शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के आंकड़े क्या कह रहे-** दिसंबर 2025 के पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के बुलेटिन से पता चलता है कि ग्रामीण भारत में बेरोजगारी दर 3.9 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। इसके विपरीत, शहरी क्षेत्रों में रोजगार की स्थिति में गिरावट देखी गई है, जहां बेरोजगारी दर पिछले महीने के 6.5 प्रतिशत से बढ़कर 6.7 प्रतिशत हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों के बीच बेरोजगारी दर 4.1 प्रतिशत पर स्थिर और कम बनी हुई है। वहीं, शहरी महिलाओं के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है, जहां बेरोजगारी दर नवंबर के 9.3 प्रतिशत से घटकर दिसंबर में 9.1 प्रतिशत पर आ गई है। अन्य जेंडर श्रेणियों में बेरोजगारी दर में मामूली बढ़ोतरी हुई है, हालांकि यह अभी भी मध्य-वर्ष के उच्च स्तरों से नीचे है।

**कार्यबल भागीदारी और रोजगार अनुपात का क्या हाल है-** बेरोजगारी दर में मामूली वृद्धि के बावजूद, देश के समग्र वर्कर पॉपुलेशन रेश्यो में सुधार देखा गया है। डब्ल्यूपीआर जो कुल जनसंख्या में नियोजित व्यक्तियों के अनुपात को दर्शाता है, दिसंबर में बढ़कर 53.4 प्रतिशत हो गया, जो नवंबर में 53.2 प्रतिशत था।

### ग्रामीण और शहरी पुरुष कार्यबल के बीच क्या अंतर है

**ग्रामीण पुरुष डब्ल्यूपीआरः नवंबर के 75.4% से बढ़कर दिसंबर में 76% हो गया।**

शहरी पुरुष डब्ल्यूपीआरः इसमें गिरावट दर्ज की गई और यह 70.9% से घटकर 70.4% रह गया। इसके असर से पुरुषों का समग्र डब्ल्यूपीआर 74.1 प्रतिशत रहा। दूसरी ओर, महिलाओं का समग्र कार्यबल अनुपात 33.4 प्रतिशत से सुधरकर 33.6 प्रतिशत हो गया है।

दिसंबर 2025 में श्रम शक्ति भागीदारी दर में भी ऊपर की ओर रुझान देखा गया, जो अर्थव्यवस्था के प्रति श्रमिकों के बढ़ते भरोसे का संकेत हो सकता है। 15 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए कुल एलएफपीआर 56.1 प्रतिशत रहा, जबकि नवंबर में यह 55.8 प्रतिशत था। ग्रामीण क्षेत्रों में एलएफपीआर 58.6 प्रतिशत से बढ़कर 59 प्रतिशत हो गया है। हालांकि, शहरी एलएफपीआर में हल्की गिरावट देखी गई और यह 50.4 प्रतिशत से घटकर 50.2 प्रतिशत रह गया।

## 11 साल बाद न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की तैयारी तेज

# कितनी बढ़ोतरी होगी, इसे लेकर अभी तस्वीर साफ नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

11 साल बाद ईपीएफओ की न्यूनतम पेंशन में बढ़ोतरी की तैयारी। जानें बजट में क्या हो सकता है फैसला और 7,000 से 10,000 रुपये पेंशन की मांग पर सरकार का ताजा रुख।

न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर अब जल्द बड़े फैसले के संकेत मिल रहे हैं। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुड़े कर्मचारियों की पेंशन में बढ़ोतरी पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। सूत्रों के मुताबिक इस पर फैसला बजट के दौरान या उसके तुरंत बाद लिया जा सकता है। हालांकि पेंशन में कितनी बढ़ोतरी होगी, इसे लेकर अभी तस्वीर साफ नहीं है। लेकिन लंबे समय से चली आ रही मांग पर जल्द राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। ईपीएफओ से जुड़े कर्मचारियों को फिलहाल न्यूनतम पेंशन के तौर पर एक हजार रुपये प्रति माह मिलते हैं। यह राशि पिछले 11 वर्षों से जस की तस बनी हुई है। लंबे समय से पेंशन में कोई बढ़ोतरी नहीं होने को लेकर कर्मचारी संगठनों में नाराजगी है और वे लगातार सरकार से इसमें इजाफे की मांग करते आ रहे हैं।

कर्मचारी संगठनों की मांग है कि, पिछले 11 वर्षों में महंगाई कई गुना बढ़ चुकी है। जिससे कर्मचारियों और सेवानिवृत्त लोगों पर खर्च का बोझ लगातार बढ़ता गया है। ऐसे में सेवानिवृत्ति के बाद महज एक हजार रुपये मासिक पेंशन किसी भी तरह से व्यावहारिक नहीं है। इसी मांग को लेकर 6 जनवरी को भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री से मुलाकात की थी। इस बैठक में संगठनों ने न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग को प्रमुखता से उठाया था। इसके अलावा अन्य कर्मचारी संगठन भी लंबे समय से न्यूनतम पेंशन में बड़े इजाफे की मांग कर रहे हैं। संगठनों का कहना है कि पेंशन राशि को बढ़ाकर कम से कम 7 से 10 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाना चाहिए। ईपीएफओ से जुड़ा पेंशन का मामला इस समय सर्वोच्च न्यायालय में भी विचाराधीन है, जिससे इस मुद्दे पर फैसले की अहमियत और बढ़ गई है।

## मुंबई में शिंदे के सभी 29 पार्षद होटल में शिफ्ट:मेयर के लिए भाजपा को 25 पार्षद चाहिए



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव रिजल्ट के एक दिन बाद मुंबई में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। शिवसेना (शिंदे) ने सभी 29 पार्षदों को ताज होटल शिफ्ट कर दिया है।

शिवसेना (शिंदे) के इस फैसले को मुंबई के मेयर पद से जोड़कर देखा जा रहा है। 227 पार्षदों वाली बीएमसी में भाजपा ने 89 सीटों पर जीत दर्ज की है। बहुमत का आंकड़ा 114 है। भाजपा को मेयर बनाने के लिए 25 पार्षदों की जरूरत होगी। सूत्रों ने बताया कि शिंदे गुट और अजित पवार गुट को जितनी उम्मीद थी, परिणाम वैसा नहीं आया। दोनों डिप्टी सीएम अपनी पार्टियों की सीटें कम आने से भाजपा से नाराज हैं। शिंदे गुट का कहना है कि इस साल शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है। इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए।

शनिवार को महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट बैठक में भी दोनों उप मुख्यमंत्री नहीं गए। शिवसेना की ओर से कहा गया शिंदे बीमार हैं। उधर उट फडणवीस ने कहा, मेयर कौन बनेगा और कब चुना जाएगा। ये सभी फैसले मैं, एकनाथ शिंदे और हमारे पार्टी नेता मिलकर लेंगे। इस पर कोई विवाद नहीं है।

महाराष्ट्र में निगम चुनावों में बीजेपी ने कुल 29 नगर निगमों में से 17 पर जीत दर्ज की है। वहीं, उसके नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 8 निगमों में जीत हासिल की। इस तरह भाजपा गठबंधन को 25 नगर निगमों में जीत मिली है।

### अजित पवार ने चाचा शरद पवार से मुलाकात की

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शनिवार को अपने चाचा शरद पवार से मुलाकात की। ठउढ के दोनों गुटों के विलय की अटकलों के बीच अजित ने कहा, हम (पवार परिवार के रूप में) एक साथ हैं। हम जरूरत पड़ने पर एक-दूसरे के यहां जाते हैं। बाद में शरद पवार के घर पर एक बैठक भी हुई। जिसमें अजित पवार, सांसद सुप्रिया सुले, विधायक रोहित पवार, शशिकांत शिंदे, जयंत पाटिल और राज्य मंत्री दत्तात्रेय भरणे सहित दोनों ठउढ गुट के कई नेता मौजूद थे।

भाजपा-शिवसेना (शिंदे) के गठबंधन ने उद्धव ठाकरे से इटउ छीनकर, उनका तीन दशक पुराना दबदबा खत्म कर दिया है। बीएमसी में भाजपा 89 जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी है। राज्य चुनाव आयोग की तरफ से घोषित फाइनल रिजल्ट के मुताबिक अकेले इछढ ने 29 नगर निगमों में 2,869 सीटों में से 1,425 सीटें जीती हैं। शिवसेना ने 399, कांग्रेस ने 324, NCP ने 167, शिवसेना (UBT) ने 155, NCP (SP) ने 36, टटर ने 13, BSP ने 6, एउ ने रजिस्टर्ड पार्टियों ने 129, गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियों ने 196 और 19 सीटें निर्दलीयों ने जीतीं।

महाराष्ट्र चुनाव में मिली हार के बाद वइळ के संजय राउत ने एकनाथ शिंदे को शिवसेना का जयचंद बताया। उन्होंने पर लिखा- अगर एकनाथ शिंदे शिवसेना के जयचंद नहीं बनते, तो इछढ को मुंबई में कभी मेयर नहीं मिलता। मराठी लोग शिंदे को जयचंद के रूप में याद रखेंगे।

# हिमाचल में टेम्परेचर माइनस $2.6^0$, उत्तराखंड में भारी बर्फबारी

## उत्तप्रदेश में कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर से कम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली





हिमाचल प्रदेश में ताबो 24 घंटे में सबसे सर्द रहा, यहां का तापमान माइनस 2.6℃ रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने 22 और 23 जनवरी को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी, मध्य और निचले इलाकों में बारिश की संभावना जताई है। वहीं, उत्तराखंड के चमोली और पिथौरागढ़ के ऊंचे इलाकों में शनिवार को बर्फबारी हुई।

उत्तर प्रदेश के 50 से ज्यादा जिलों में कोहरे के वजह से विजिबिलिटी 50 मीटर से कम रही। लखनऊ एयरपोर्ट पर दुबई से आई फ्लाइट लैंड नहीं कर सकी, जिसे दिल्ली डायवर्ट किया गया। बिहार के 18 जिलों में कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ है। इस दौरान सबसे भागलपुर के साबौर का न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। उधर, राजस्थान में मौसम विभाग ने 22 जनवरी से एक नया स्ट्रॉन्ग वेदर सिस्टम राजस्थान में एक्टिव होने की आशंका जताई है। इसके प्रभाव से आधे से ज्यादा राजस्थान में बारिश होने की संभावना है।

बिहार के कई हिस्सों में सुबह और रात के वक्त घना कोहरा बरकरार है। मौसम विभाग ने रविवार को बिहार के 18 जिलों में कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ है। इस दौरान सबसे ठंडा सबौर (भागलपुर) रहा, जहां न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तराखंड के चमोली स्थित हेमकुंड साहिब और बद्रीनाथ धाम में बर्फबारी हुई है। इसके साथ ही पिथौरागढ़ में हल्का हिमपात हुआ है। मौसम विभाग ने 18 जनवरी को उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना है। हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, पौड़ी और देहरादून में कहीं-कहीं घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

# प्रधानमंत्री मोदी बोले- कांग्रेस ने घुसपैठियों से जमीन पर कब्जा कराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम में कहा कि कांग्रेस असम को अपना नहीं मानती। आजादी के बाद असम के सामने कई चुनौतियां थीं। कांग्रेस ने समस्या का समाधान नहीं निकाला। जब जरूरत अपने लोगों के जख्म भरने, उनकी सेवा करने की थी तब कांग्रेस ने घुसपैठियों की सेवा की।

ये घुसपैठिये कांग्रेस के कट्टर वोटर हैं। ये लोग जमीन पर कब्जा करते रहे, कांग्रेस उनकी मदद करती रही। हिमंता सरकार आज लाखों बीघा जमीन को घुसपैठियों से मुक्त करा रही है। एक समय यहां आए दिन रक्तपात होते थे, आज संस्कृति के रंग सज रहे हैं। पहले जहां, कर्फ्यू का सन्नाटा होता था। आज संगीत गूंज रहा है।

पीएम गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में आयोजित 'बागुरुम्बा दोहोउ 2026' में शामिल हुए। यह बोडो समुदाय का पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम है। इससे पहले एयरपोर्ट से स्टेडियम तक पीएम ने रोड शो निकाला।

मोदी रात में गुवाहाटी में रुकेंगे। रविवार को कालियाबोर जाएंगे, यहां ?6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखेंगे। इससे पहले दोपहर में पीएम पश्चिम बंगाल के मालदा पहुंचे थे।

कांग्रेस ने भूपेन हजारिका को भारत रत्न देने का विरोध किया: कांग्रेस वही पार्टी है जिसने भूपेन हजारिका को भारत रत्न देने का विरोध किया था। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मंत्री ने असम में लगने वाली सेमिकंडक्टर यूनिट लगने का विरोध किया। ये व्यक्ति कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बेटे हैं।

## मणिपुर में कुकी उग्रवादियों ने नगा-बहुल इलाके में तोड़फोड़ की: नगा गांव में लिखा कुकी लैंड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए सुरक्षाबल सख्त अभियान चला रहे हैं। इससे बौखलाए कुकी उग्रवादी समूहों ने राज्य को एक बार फिर अशांत करने की साजिश शुरू कर दी है। कुकी उग्रवादियों न सेनापति जिले के नगा बहुल इरेंग नगा गांव में कुकी लैंड और दूर रहो लिखकर केंद्र और राज्य सरकारों को खुली चुनौती दी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक बीते दिनों रात के समय अज्ञात हथियारबंद लोग गांव में दाखिल हुए और तोड़-फोड़ करते हुए मेमोरियल स्टोन पर नारा लिख दिया। गांव वालों ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इसके चलते क्षेत्र में नए सिरे से अशांति फैलने की आशंका गहरा गई है।

खुद को टाइगर किपेन उर्फ थांग्बोई/हाउगेंथांग किपेन बताने वाले केएनएफ-पी के कमांडर ने गांव के चेयरमैन को फोन कर हत्या और पूरे गांव को जला देने की धमकी दी। घटना के बाद नगा ग्रामीणों ने शनिवार को कंग्पोक्पी-चूराचांदपुर रोड को ब्लॉक कर दिया। लियांग्माई नगा काउंसिल और नगा पीपुल्स ऑर्गेनाइजेशन (ठढड) ने जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। कई नगा संगठनों ने जॉइंट ट्राइबल बॉडीज के साथ मिलकर ट्रैफिक और ट्रेड ब्लॉकेड की धमकी दी है। मणिपुर में मई 2023 में मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी।

# दिलावर की फैक्ट्री: 100 किलो एमडी ड्रग बनाने की तैयारी थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा



चिकलाना में पकड़ी गई एमडी ड्रग फैक्ट्री मामले में हर नया खुलासा जांच एजेंसियों की चिंता बढ़ा रहा है। मुख्य आरोपी दिलावर खान के घर से इंडियन आर्मी का फर्जी आईकार्ड, सब-इंस्पेक्टर की वर्दी और आर. खान नाम से एसआई का आईकार्ड मिलने के बाद पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। इससे ड्रग सिंडिकेट में बाहरी पुलिसकर्मियों की भूमिका की आशंका भी गहराई है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि दिलावर के घर से मैफाड्रोन सहित करीब 300 लीटर केमिकल लिक्विड बरामद हुआ। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इससे करीब 100 किलो एमडी ड्रग्स तैयार की जा सकती थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 100 करोड़ रुपए से अधिक आंकी जा रही है। इतनी मात्रा में ड्रग से करीब 10 लाख लोग नशे की गिरफ्त में आ सकते हैं।


16 आरोपी कोर्ट में पेश, 11 को रिमांड पर भेजा शनिवार दोपहर भारी सुरक्षा के बीच पुलिस ने 16 आरोपियों को जावरा कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आजाद समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष दिलावर खान, उसके दामाद याकूब और याकूब की पत्नी बखमीना सहित 11 आरोपियों को 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। 4 महिलाओं को जेल भेजा गया, जबकि एक नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमित कुमार ने 12 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया है।

### सिंथेटिक ड्रग्स की जब्ती में करीब 300 फीसदी की बढ़ोतरी

एनसीआरबी के अनुसार 2024 में देशभर में 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक के मादक पदार्थ जब्त किए गए, जो 2023 के मुकाबले 55% ज्यादा है। हाल के वर्षों में सिंथेटिक ड्रग्स की जब्ती 300% तक बढ़ी है। माफिया अब अफीम-गांजे के बजाय लैब में बनने वाले एमडी पर फोकस कर रहे हैं। एनसीआरबी की ह्यएक्सीडेंटल डेथ्स एंड सुसाइड्स इन इंडियाह्न की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2023-24 में देश में करीब 650 से ज्यादा मौतें सिर्फ ड्रग ओवरडोज के कारण दर्ज हुई हैं।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफ्न करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | | | | | | | | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | | | | | | | | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 50 / 16 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | यु | क | वि |
| टी | वी | सू | ह | क्ष | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | ला | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| दा | ज | न | प | व | म | हे | डी. | म्म | सी | बें |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| बे | ह | यु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | ब | ला | ज | र | सी | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| मि | ल | च | त्त | र | ट | क | बें | न | गां | ध |
| या | र | म | न | लां | वा | इ | र | म्हे | ह | धी |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# महाराष्ट्र में शिवसेना-NCP का वोट अब BJP का

# ठाकरे मुंबई तक सिमटे

**मुंबई, नवी मुंबई, पुणे, नागपुर, पिंपरी चिंचवाड और नासिक, महाराष्ट्र के ज्यादातर बड़े नगर निगम अब इखढ के हैं। नगर निगम चुनाव में BJP एकतरफा जीती, लेकिन रिजल्ट के और भी मायने हैं। मराठी मानुस की राजनीति करने वाले उद्धव और राज ठाकरे मुंबई तक सिमट गए। इखढ के सहयोगी एकनाथ शिंदे सिर्फ ठाणे जीत पाए। BJP का साथ छोड़ चाचा शरद पवार के साथ चुनाव लड़े अजित पवार सबसे बड़े लूजर बन गए। कांग्रेस लातूर और चंद्रपुर के अलावा हर जगह हार गई। अब सिर्फ BJP पूरे महाराष्ट्र की पार्टी है। रिजल्ट बताता है कि शिवसेना और NCP में टूट के बाद बंटे वोट अब BJP की तरफ शिफ्ट हो चुके हैं।**

## उद्धव, पवार और कांग्रेस के गढ़ में जीती BJP

- शिवसेना (उद्धव) हारी, BJP जीती
- NCP हारी, BJP जीती
- कांग्रेस हारी, BJP जीती







## BJP को इतनी बड़ी जीत कैसे मिली?

इसका जवाब महाराष्ट्र BJP के एक सीनियर लीडर देते हैं। वे कहते हैं, ह्यये जीत भले आज मिली है, लेकिन इसकी तैयारी 6 साल पहले शुरू हो गई थी। 24 अक्टूबर 2019 को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे आए थे। इखढ 105 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी। सहयोगी शिवसेना को 56 सीटें मिलीं।

BJP देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाने वाली थी, तभी शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे अड़ गए। उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के लिए गठबंधन तोड़ दिया। पहली बार कांग्रेस के साथ गठबंधन किया और 28 नवंबर को मुख्यमंत्री बन गए। तभी तय हो गया था कि शिवसेना को तोड़ना है। महाराष्ट्र में BJP को अपने दम पर खड़ी पार्टी बनाना है। आज जो नतीजे आए हैं, वो इसी प्लान का हिस्सा था।


इस पर हमने BJP में हमारे सोर्स से बात की। वे बताते हैं कि हमारा पहला टारगेट था- एकनाथ शिंदे के जरिए शिवसेना को तोड़कर कमजोर करना। इसके बाद शिंदे को भी मजबूत न होने देना। दूसरा टारगेट था- अजित पवार के जरिए शरद पवार की NCP को तोड़ना, फिर टूटी हुई पार्टी को आमने-सामने की लड़ाई में हरा देना।

6 साल तक प्लान पर काम चलता रहा और BJP ने पहले विधानसभा और अब नगर निगम चुनाव में अपनी आखिरी चाल चल दी। महाराष्ट्र की दो बड़ी पार्टियां शिवसेना और NCP एक दायरे में सिमट गईं। महाराष्ट्र के 29 नगर निगम में से 17 इखढ ने जीत लिए। ये पहली बार है जब महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय के चुनाव में पार्टी को इतनी बड़ी जीत मिली है। BJP के नेतृत्व वाले गठबंधन महायुति को 8 नगर निगम में जीत मिली है।


# एकनाथ शिंदे की शिवसेना सिर्फ ठाणे में सिमटी

## महाराष्ट्र में चुनाव रिजल्ट

### लोकसभा चुनाव 2024




### विधानसभा चुनाव 2024




डिप्टी CM एकनाथ शिंदे शिवसेना में टूट से पहले ठाणे के बड़े लीडर माने जाते थे। शिवसेना तोड़कर शिंदे BJP के साथ आ गए और मुख्यमंत्री बने। उद्धव ठाकरे से पार्टी छीन ली। नगर निगम चुनाव ने साबित कर दिया है कि वे अब भी सिर्फ ठाणे के नेता हैं।

सीनियर जर्नलिस्ट संदीप सोनवलकर कहते हैं, एकनाथ शिंदे ठाणे तो जीते, लेकिन आसपास के वसई-विरार, मीरा-भायंदर, नवी मुंबई, कल्याण डोंबिवली में हार गए। उन्हें ध्यान रखना होगा कि उन्होंने जितनी तोड़फोड़ की, अब सब खत्म हो चुकी है। सबकी अपनी जगह तय हो गई है।

## उद्धव ठाकरे मुंबई हारे, लेकिन शिंदे को हराया

उद्धव ठाकरे के सामने अपना गढ़ मुंबई बचाने की चुनौती थी, लेकिन वे इसे बचा नहीं पाए। मुंबई में BJP-शिवसेना (शिंदे गुट) का गठबंधन जीत गया। 25 साल में पहली बार मुंबई में शिवसेना का मेयर नहीं होगा। उद्धव इखढ से हार गए, लेकिन शिंदे को पटखनी दे दी। शिंदे साउथ मुंबई के कोर शिवसेना वोटर में सेंध नहीं लगा पाए।

उद्धव ठाकरे हिंदुत्व के बजाय चुनाव में मराठी और मुंबई का मुद्दा लेकर आए। MNS नेता और भाई राज ठाकरे से गठबंधन कर मराठी और गैर मराठी के मुद्दे को हवा दी। उन्हें वोट तो मिले, लेकिन इतने नहीं कि मेयर चुन सकें। उद्धव की पार्टी 66 सीटों पर जीत चुकी है, या आगे चल रही है।

संदीप सोनवलकर कहते हैं, ह्यशिवसेना (उद्धव गुट) की मुंबई के अलावा भी हर जगह हार हुई है। साफ हो गया है कि वह सिर्फ मुंबई की पार्टी रह गई है। उद्धव ठाकरे 25 साल से चली आ रही मुंबई में सत्ता गंवा बैठे। हालांकि मुंबई में 60 से ज्यादा सीटें जीतकर उन्होंने अपनी पार्टी को खत्म होने से बचा लिया। एकनाथ शिंदे को मुंबई में 28 सीटें मिली हैं। मुंबई में उद्धव ठाकरे की शिवसेना दूसरे नंबर की पार्टी रहेगी, शिंदे तीसरे नंबर पर आ गए हैं।ह्य

## पवार अपना गढ़ तक नहीं बचा पाए

BJP सोर्स बताते हैं कि शिवसेना टूटने के बाद अजित पवार के जरिए ठउढ को तोड़ा गया। ये भी ध्यान रखा गया कि अजित पवार को कंट्रोल में रखा जाए। अजित पवार कोऑपरेटिव के बड़े नेता रहे हैं। उनकी राजनीति स्थानीय निकाय के चुनाव और सहकारी समितियों से जुड़ी रही है। निकाय चुनावों में उनकी पार्टी का हारना बड़ी मात है। संदीप सोनवलकर कहते हैं कि चुनाव के सबसे बड़े लूजर अजित पवार ही हैं। इसकी तीन सबसे बड़ी वजहें हैं-

1. उनका कोई भी मेयर नहीं बन रहा।
2. अजित पवार ने ऐसे बयान दिए कि BJP के नेता नाराज हो गए।
3. उन्होंने चाचा शरद पवार से हाथ मिला लिया और BJP को ये पसंद नहीं आया।


## BMC बृहन्मुंबई नगर निगम





(50% महिलाओं के लिए आरक्षित)

वोटर - 1.24 करोड़

### चुनाव रिजल्ट 2026




### BMC की खास बातें



एशिया का सबसे अमीर नगर निगम है, 10 साल में नगर निगम ने मुंबई के लिए 2.19 लाख करोड़ दिए हैं

BMC का 2025-26 के लिए बजट करीब 74,427 करोड़ रुपए है, जो हिमाचल, अरुणाचल, गोवा जैसे राज्यों से ज्यादा है

2023-2024 के लिए BMC का सालाना बजट 52,619 करोड़ रुपए रहा, पहली बार बजट 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा गया

BMC के चुनाव मार्च, 2022 में होने थे, लेकिन कोरोना और फिर मराठा आंदोलन की वजह से नहीं हो पाए

### BMC इलेक्शन रिजल्ट



| पार्टी | 2017 | 2012 | 2007 |
|---|---|---|---|
| शिवसेना | 84 | 75 | 84 |
| BJP | 82 | 31 | 28 |
| कांग्रेस | 31 | 52 | 75 |
| NCP | 9 | 13 | 14 |
| MNS | 7 | 28 | 7 |
| अन्य | 14 | 28 | 19 |

कुल 227

■ वर्ष-12 अंक-77 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 18 जनवरी, 2026

## सुभाषितानि

कुरुते गङ्गासागरगमनं, व्रतपरिपालनमथवा दानम्।
ज्ञानविहिनः सर्वमतेन, मुक्तिं न भजति जन्मशतेन॥

**भावार्थ** : किसी भी धर्म के अनुसार ज्ञान रहित रह कर गंगासागर जाने से, व्रत रखने से और दान देने से सौ जन्मों में भी मुक्ति नहीं प्राप्त हो सकती है।

अग्रे वह्निः पृष्ठेभानुः, रात्रौ चुबुकसमर्पितजानुः।
करतलभिक्षस्तरुतलवासः, तदपि न मुञ्चत्याशापाशः॥

**भावार्थ** : सूर्यास्त के बाद, रात्रि में आग जला कर और घुटनों में सर छिपाकर सर्दी बचाने वाला, हाथ में भिक्षा का अन्न खाने वाला, पेड़ के नीचे रहने वाला भी अपनी इच्छाओं के बंधन को छोड़ नहीं पाता है।

## सः साईबाबस्य भक्तः आसीत् क्षमायाचनाय गच्छन् आसीत्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

बर्गीजलबन्धे निगूढः, ततः पत्न्या सह शिर्डीनगरं प्रति प्रस्थितवान् गोलीकाण्डस्य अनन्तरं गोलुः स्वमित्रेण अनूपेन सह बर्गीजलबन्धस्य समीपे वने निगूढः भूत्वा स्वपत्न्याः आहूय कारम् आनेतुं प्रार्थितवान्। तस्य भायार्याः आगमनेन त्रयः शिर्डीनगरं प्रति प्रस्थिताः। घम्पौर, गोरखपुर, अधरताल, रञ्झी, सदर क्षेत्रेषु शतशः सीसीटीवी कैमरे स्कैन् कृत्वा गोलू इत्यस्य नीलवर्णीयं एक्सेस स्कूटरं बार्गी प्रति गच्छन्तं दृष्टवान्। सः साईबाबस्य भक्तः आसीत्, क्षमायाचनाय गच्छन् आसीत्। पुलिसपरीक्षायां गोलुः साईबाबायाः भक्तः इति उक्तवान्। मया पापं कृतम् आसीत्, अतः अहं बाबात् क्षमायाचनां कर्तुं गच्छामि स्म। गोलुः स्वपत्न्या सह सहचर्या च सह शिर्डीनगरस्य एकस्मिन् होटेले इति पुलिसैः सूचना प्राप्ता।


## सम्पादकीयम्

### सत्यं तु एतत्

कट्टरपंथीनां हस्तक्षेपः : एषः प्रचारः नास्ति इति अस्मिन् वर्षे फरवरीमासे प्रकाशितस्य संयुक्तराष्ट्रसङ्घस्य प्रतिवेदनस्य अनुसारं, हिन्दुस्, अहमदियाजनाः मुसलमानेषु, ईसाईषु, बौद्धेषु, चिट्टागैङ्ग-पर्वतप्रदेशेषु अपि निवसन्तः मूलजनजातयः उपरि आक्रमणं वर्धितवन्तः। सत्यं तु एतत् यत् तस्य सर्वकारे कट्टरपंथीशक्तयः हस्तक्षेपं कृतवन्तः। सः अपि बाङ्गलादेशस्य सेनायाः सह विधिव्यवस्थायां प्रारम्भिकनिर्वाचनस्य च विषये भ्रमितः अस्ति। निर्वाचनं परिहरन्ः यूएनसः यथाशीघ्रं निर्वाचनं धारयितुं उत्तरदायी आसीत्, यस्मात् कारणात् सः पलायितवान् अस्ति। छात्राणां विश्वासः अपि तेषु न्यूनीकृतः अस्ति। एतदपि सः तादृशानि नीतिनिर्णयानि गृह्णाति, येन बाङ्गलादेशे दीर्घकालं यावत् प्रभावः भविष्यति। सः स्वदेशं पाकिस्तान-चीन-देशयोः प्रति स्वदेशं तिर्यक् कृतवान् अस्ति । सः सम्भवतः भारतस्य पूर्वोत्तरराज्येषु स्वस्य वक्तव्यं विस्मृतवान्, यत् सर्वथा समीपस्थधर्मस्य विरुद्धम् आसीत्। पाकिस्तानस्य पक्षः यूनिस् सर्के पुनः सक्रियं कर्तुम् इच्छति, परन्तु तेषां प्रयत्नस्य पृष्ठतः उद्देश्यं स्पष्टतया अवगतम् अस्ति - पाकिस्तानस्य वकालतम्। निष्क्रियः भवितुम् अर्हति, परन्तु भारतं अन्येषां क्षेत्रीयसङ्गठनस्य मार्गेण समीपस्थदेशैः सह सहकार्यं वर्धयति। यदि युनुसः भारतेन सह उत्तमं सम्बन्धं इच्छति तर्हि सः तदा एव जियोराजनीतेः प्यादा भवितुं सत्यं स्वीकुर्वीत इति न कृत्वा नूतनदिल्लीं प्रति प्रत्यक्षतया कुर्वन्तु।

## आयोजनस्य समये स्थायिपर्यटनस्य पर्यावरणसंरक्षणस्य

# पर्यटनपञ्चाङ्गस्य डिजिटलपोर्टलस्य च द्वयोः अपि उत्तरदायीयात्रायाः, अपशिष्टप्रबन्धनस्य




ब्रह्मास्त्र ▸▸ जम्मू

अस्मिन् कार्यक्रमे विशेषतया बलं दत्तं यत् नूतनं डिजिटलपोर्टल् केवलं गुलमार्ग, पहलगाम, सोनामार्ग इत्यादिषु लोकप्रियपर्यटनस्थलेषु एव सीमितं न भविष्यति, अपितु जम्मू-कश्मीरस्य मुख्यधारातः बहिः एव स्थितानां क्षेत्राणां प्रकाशनं करिष्यति। पर्यटनजनसंख्यां चयनित-कतिपयेषु एव सीमितं न कृत्वा, नूतनेषु अल्पज्ञातेषु च क्षेत्रेषु पर्यटनस्य विस्तारं कृत्वा एव सन्तुलितपर्यटनविकासः सम्भवः इति सर्वकारस्य मतम् अस्य कृते पोर्टले अन्तरक्रियाशीलनक्शाः, स्थानीयमार्गदर्शकाः च योजिताः, येन स्वतन्त्रपर्यटकानाम् अपि विश्वसनीयं मार्गदर्शनं प्राप्यते।

मुख्यमन्त्री उमर अब्दुल्लाः स्वसम्बोधने अवदत् यत् जम्मू-कश्मीरस्य अर्थव्यवस्थायां पर्यटनस्य महती भूमिका अस्ति, तथा च कोटिकोटिपरिवारानाम् आजीविका प्रत्यक्षतया परोक्षतया वा अस्मिन् क्षेत्रे निर्भरं भवति। सः अपि स्पष्टीकरोति यत् सर्वकारस्य लक्ष्यं न केवलं पर्यटकसङ्ख्यां वर्धयितुं अपितु तेभ्यः सुरक्षितं, सुलभं, स्मरणीयं च अनुभवं प्रदातुं वर्तते। अस्मिन् सन्दर्भे सः हिमालयस्य पारिस्थितिकीतन्त्रस्य रक्षणं कुर्वन् विकासः भविष्यस्य समीचीनः मार्गः इति उक्तवान् स्थायित्वस्य उत्तरदायित्वस्य च पर्यटनस्य आवश्यकतायाः उपरि बलं दत्तवान्।

आयोजनस्य समये स्थायिपर्यटनस्य पर्यावरणसंरक्षणस्य च विषयः अपि प्रमुखः आसीत्। २०२६ तमस्य वर्षस्य पर्यटनपञ्चाङ्गस्य डिजिटलपोर्टलस्य च द्वयोः अपि उत्तरदायीयात्रायाः, अपशिष्टप्रबन्धनस्य, स्थानीयपरम्पराणां सम्मानस्य, वन्यजीवसंरक्षणस्य च विषयेषु जागरूकतां जनयितुं च सम्बद्धाः सन्देशाः समाविष्टाः सन्ति अधिकारिणां मतं यत् आरम्भादेव एतानि मूल्यानि प्रचारसामग्रीषु समावेशयित्वा सचेतनं संवेदनशीलं च पर्यटकानाम् आधारं आकर्षयितुं शक्यते। तदतिरिक्तं, स्थानीयसमुदायस्य सहभागिता वर्धयितुं हस्तशिल्पशिल्पिनः, होमस्टे-सञ्चालकाः, लघुव्यापारिणः च प्रत्यक्षतया वैश्विकदर्शकैः सह डिजिटल-पोर्टल्-माध्यमेन संयोजयितुं योजनाः प्रस्ताविताः सन्ति।

वर्षद्वयपूर्वं पर्यटनपञ्चाङ्गस्य प्रकाशनस्य पृष्ठतः रणनीत्याः विषये अपि विस्तरेण चर्चा कृता। अन्तर्राष्ट्रीयपर्यटन-उद्योगे वषार्णां पूर्वमेव संकुलं, ब्रोश-पत्राणि च अन्तिमरूपेण निर्धारितानि भवन्ति, येन प्रचारसामग्रीणां समये एव प्रदातिः महत्त्वपूर्णा इति व्याख्यातं एषा उपक्रमः अन्तर्राष्ट्रीययात्रासूचीयां जम्मू-कश्मीरस्य अधिकं प्रमुखतां प्राप्स्यति, आगामिषु वर्षेषु विदेशीयपर्यटकानाम् संख्यायां महतीं वृद्धिं करिष्यति इति सर्वकारः आशास्ति। तदतिरिक्तं पोर्टले सूचनां नियमितरूपेण अद्यतनीकर्तुं समर्पितं दलं नियोजितं भविष्यति, येन पर्यटकानां कृते कोऽपि अशुद्धः अथवा पुरातनः सूचना न प्राप्नोति इति सुनिश्चितं भविष्यति।

## स्वस्य पुरातनस्य वाहनस्य

# न्याय्यमूल्यं प्राप्नुयुः, येन तेषां नूतनवाहनस्य पर्याप्तं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

द्वितीयं आव्हानं स्क्रैपिंग मूल्यम् अस्ति। वाहनस्वामिनः स्वस्य पुरातनस्य वाहनस्य न्याय्यमूल्यं प्राप्नुयुः, येन तेषां नूतनवाहनस्य पर्याप्तं पूर्वभुक्तिं संग्रहीतुं साहाय्यं भविष्यति। तृतीया आव्हानं योजनायाः विषये जागरूकताम् उत्थापयितुं वर्तते येन ते अवैधरूपेण अथवा अमान्यतां प्राप्तानां स्क्रैपिंग-इकायानां शिकाराः न भवन्ति।

पर्यावरणस्य स्वास्थ्यस्य च सकारात्मकः प्रभावः अस्याः योजनायाः बृहत्तमः लाभः पर्यावरणस्य जनस्वास्थ्यस्य च कृते भविष्यति इति विशेषज्ञाः मन्यन्ते। पुरातनवाहनानां निष्कासनेन मार्गप्रदूषणस्य महती न्यूनता भविष्यति। विशेषतः दिल्ली-एनसीआर, मुम्बई इत्यादिषु अत्यन्तं प्रदूषितनगरेषु यत्र परिवहनक्षेत्रं प्रदूषणस्य प्रमुखं स्रोतः अस्ति, तत्र एषा नीतिः श्वसनीयं भविष्यं सुनिश्चित्य साहाय्यं करिष्यति। केन्द्रीयप्रदूषणनियन्त्रणमण्डलस्य आँकडानुसारं इर-क अथवा मानकानि पूरयन्तः पुरातनाः डीजलवाहनानि चरणबद्धरूपेण समाप्ताः कृत्वा निलम्बितकणद्रव्यस्य तथा सूक्ष्मकणपदार्थस्य वायुवाहित उत्सर्जनस्य नाटकीयरूपेण न्यूनीकरणं कर्तुं शक्यते संक्षेपेण, एषा ५०% करमुक्तिघोषणा भारतस्य जलवायुकार्यप्रतिबद्धतानां स्वच्छवायुलक्ष्याणां च प्रति ठोसवित्तीयपदं वर्तते। एषा नीतिः मार्गेभ्यः पुरातनवाहनानि निष्कास्य सुरक्षां, ऊर्जादक्षतां, पर्यावरणसंरक्षणं च प्रवर्धयिष्यति, येन नागरिकानां अर्थव्यवस्थायाः च लाभः भविष्यति अधुना राज्यसर्वकारैः, सम्बन्धितविभागैः च एतां योजनां शीघ्रं पारदर्शकतया च स्थले एव कार्यान्वितुं करणीयम्, येन तस्याः लाभः सामान्यजनपर्यन्तं भवति इति सुनिश्चितं भवति।

## राशिफल

**मेष** : आज आपको कड़ी मेहनत से ही अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। आपको घर और ऑफिस में जो जिम्मेदारियां मिली हैं।

**वृषभ** : इस राशि के लोगों के लिए आज उत्साह का दिन है ।नौकरी में बदलाव के साथ आपके लिए तरक्की के मौके भी आ रहे हैं।

**मिथुन** : इस राशि के लोगों के लिए अच्छा समय है, आप परिवार के और नजदीक आएंगे और यादगार पल बिताएंगे।

**कर्क** : आज आपने जो टारगेट सोचे थे, उनमें से महत्वपूर्ण टारगेट पूरे होंगे। बिजनेस को लेकर आपमें आत्मविश्वास बना रहेगा।

**सिंह** : इस राशि के लोगों को सुबह के समय जरूरी काम जल्द से जल्द पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए।

**कन्या** : इस राशि वालों के लिए सोशल एक्टिविटी बढ़ेंगी। ग्रुप के जितने इशयूज हैं, उनमें रुचि बनी रहेगी।

**तुला** : इस समय कुछ ऐसी चीजें आपके साथ हो सकती हैं, जिनके बारे में सोचा नहीं था, इसलिए थोड़ा सतर्क रहें।

**वृश्चिक** :आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आपको किसी से अच्छे प्रपोजल मिल सकेंगे। आप एक अच्छे मेजबान बनेंगे।

**धनु** : इस राशि के लोगों के लिए समय तेजी से अनुकूल होगा। मित्रों के साथ संबंध मजबूत होंगे।

**मकर** : आपके सामने जो मौके आ रहे हैं, उनका अधिकतम इस्तेमाल करें। मैरिड लाइफ सुखमय रहेगी।

**कुंभ** : इस राशि के जातकों को करियर और बिजनेस में बिजी रहने का अनुभव होगा। प्रोफेशनल के साथ बेहतर तालमेल रहेगा।

**मीन** : आज इस राशि के लोगों में जानकारी का लेन-देन बढ़ेगा। सहयोगात्मक मामलों पर ध्यान केंद्रित रहेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# इन 3 राशि वालों पर रहेगी शनि की नजरें, नौकरी-कारोबार में आ सकती हैं परेशानियां

साल 2026 में कुछ राशि वालों पर शनि की कड़ी दृष्टि बनी रहेगी। इसके प्रभाव से करियर, नौकरी, व्यापार और निवेश में कुछ परेशानियां आ सकती हैं। साथ ही कार्यों में सामान्य से अधिक परिश्रम करने पड़ सकते हैं।

नववर्ष 2026 ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इस दौरान कई प्रमुख ग्रह अपने-अपने गोचर के माध्यम से राशियों पर विशेष प्रभाव डालेंगे। इनमें शनि देव की भूमिका सबसे अधिक प्रभावशाली रहेगी। बता दें, वर्तमान समय में शनि देव मीन राशि में विराजमान हैं और वर्ष 2026 भर इसी राशि में गोचर करते रहेंगे। इस गोचर का प्रभाव विशेष रूप से मेष, कुंभ और



मीन राशि के जातकों पर देखने को मिल सकता है। दरअसल, इन तीनों राशियों पर शनि की साढ़ेसाती चल रही है, जिसके चलते जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में चुनौतियां सामने आ सकती हैं। इस अवधि में करियर और कारोबार में उतार-चढ़ाव, अपेक्षित धन लाभ में देरी, मानसिक तनाव में वृद्धि और कार्यों में बार-बार बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में आइए इनके प्रभाव को विस्तार से जानते हैं।

**मेष राशि–** मेष राशि वालों के लिए नया साल बढ़िया रहने वाला है। परंतु साढ़ेसाती का प्रभाव होने के कारण कुछ परेशानियां बनी रहेंगी। आपको घर और बाहर सभी का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। लेकिन सेहत में दिक्कतें बनी रहेंगी। संबंधों को मजबूत रखने के लिए वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखें। धैर्यवान बने रहें और भावनाओं में आकर किसी भी निर्णय को न लें। इस समय आप व्यापार की समस्याओं का समाधान खोजने में सफल होंगे। करियर-कारोबार से जुड़ा कोई भी बड़ा निर्णय लेने से पहले परिजनों से बात करें। हालांकि, कुछ विरोधी पक्ष पता सक्रिय रहने वाला है। इसलिए सोच-विचार के साथ कार्य करना उचित रहेगा।

**कुंभ राशि–** कुंभ राशि वालों को धन लाभ होने के साथ-साथ काम का तनाव भी अधिक रहेगा। संबंधों के लिहाज से समय थोड़ा विपरीत है। आप कोई भी यात्रा बिना सोच-विचार के न करें अन्यथा नावश्यक खर्च बढ़ने से आर्थिक स्थिति प्रभावित हो सकती है। नया वाहन खरीदने की कामना जहां पूर्ण होगी, वहीं कार्यक्षेत्र में काम का अधिक तनाव बना रहेगा। व्यापारियों को निवेश बहुत सोच-समझकर करना होगा। नौकरी के लिए अप्लाई किया था, तो अपडेट के लिए धैर्यवान रहेंगे। इस समय शनिदेव की पूजा और शनिवार को काली चीजों का दान आपके कार्यों की बाधाओं को दूर कर सकता है।

**मीन राशि–** समय आपके लिए चुनौतियों से भरा रहने वाला है। कार्यस्थल पर अचानक बड़े परिवर्तन चिंता बढ़ा सकते हैं। विवाह के मार्ग मे बाधाएं आएंगी और लव पार्टनर के साथ ताल मेल कम होता दिखेगा। हालांकि, छात्र वर्ग के लोग अपने गुरुजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे और जीवन को सही दिशा देने में कामयाब रहेंगे। मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भूमि-भवन से जुड़े मामले आपकी चिंता का कारण बन सकते हैं। सेहत और धन से जुड़ी समस्याओं से जूझना पड़ सकता है। मीन राशि के लोगों को पैतृक संपत्ति की प्राप्ति में अड़चनें आएंगी। आप आलस्य से बचें।

## खबर एक नजर...

### खेत में छुपाकर रखी देशी शराब की 7 पेटी बरामद

**उज्जैन।** ग्राम झूठावद में रहने वाला सुरेशसिंह सौंधिया अवैध रूप से बेचने के लिये शराब लेकर आया था और खेत में छुपाकर रखी थी। मुखबीर से सूचना मिलने पर महिदपुररोड थाना पुलिस शुक्रवार-शनिवार रात दबिश मारी। इस दौरान सुरेशसिंह सौंधिया भाग निकला। पुलिस ने खेत में टार्च की रोशनी के साथ तलाशी शुरू की। एक स्थान से देशी शराब की 7 पेटी बरामद हो गई। जिसे जप्त कर खोला गया तो उसमें 313 क्वार्टर बरामद होना सामने आये। एएसआई सुरेशचंद्र सोनगरा ने बताया कि मामले में खेत मालिक सुरेशसिंह के खिलाफ अवैध शराब का मामला आबकारी एक्ट अधिनियम में दर्ज किया है। जप्त शराब की कीमत 25 हजार के लगभग होना सामने आई है। आरोपी की तलाश जारी है।

### कोर्ट पेशी से लौट रहे पिता-पुत्र के साथ मारपीट

**उज्जैन।** सिंहस्थ मेला कार्यालय कोठी रोड पर बीती शाम अक्षत चौरषिया और उसके पिता श्याम चौरषिया निवासी गुदरी चौराहा को बाइक पर सवार होकर आये कुछ युवकों ने रोका और मारपीट शुरू कर दी। विवाद होता देख लोगों की भीड़ जमा हुई तो बाइक सवार युवकों ने धमकी दी कि अगर रिपोर्ट की तो जान से मार देंगें। पिता-पुत्र माधवनगर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह कोर्ट पेशी पर आये थे। जहां से वापस घर लौटते समय उनके साथ मारपीट हुई है। आरोपी अज्ञात है, जिन्हे पहचानते नहीं है। पुलिस ने पिता-पुत्र का मेडिकल परीक्षण कराया और मामले में अज्ञात युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर सिंहस्थ मेला कार्यालय के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देख आरोपी युवकों की तलाश शुरू की।

### जमीन बंटवारे को लेकर 2 भाईयों के बीच मारपीट

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम रावदियापीर में जमीन (प्लाट) बंटवारे को लेकर शनिवार दोपहर को विवाद हो गया। दोनों भाईयों ने एक दूसरे के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने धर्मेन्द्र पिता गंगराम चौहान की शिकायत पर कैलाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया वहीं कैलाश पिता गंगाराम की शिकायत पर धर्मेन्द्र के खिलाफ क्रास मामला दर्ज कर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि दोनों भाईयों के बीच एक प्लाट है। जिसके हिस्से को लेकर दोनों में कई दिनों से तनातनी चली आ रही थी, जो शनिवार दोपहर मारपीट में बदल गई।

### मजदूरी करने वाले युवक ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** मजदूरी करने वाले युवक ने शनिवार देर शाम फांसी लगा ली। परिजनों के आने पर घटनाक्रम सामने आया तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया है। पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि मयंक परिसर में रहने वाले कुंवर पाल पिता सुखन पाल 32 साल द्वारा फांसी लगाने की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। शव को फंदे से उतारा गया और मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि कुंवर पाल मजदूरी करता था और शराब पीने आदी था। पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई। घटना के समय कुंवर पाल घर पर अकेला था। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू की जायेगी। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। कीपेड मोबाइल जप्त कर जांच में लिया गया है।

### 4 दिन बाद अस्पताल से छुट्टी होने पर की गई जप्त, हाथ में लगी थी पिस्टल की

# सफाई के दौरान चली गोली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हाथ में गोली लगने पर घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस को खबर मिली तो जांच शुरू की गई। युवक की 4 दिन बाद अस्पताल से छुट्टी होने पर पिस्टल बरामद की गई। जो अवैध होना सामने आई। घायल के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर उसे जेल भेजा गया है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि 12 जनवरी को उर्दूपुरा गायत्री मंदिर के पास रहने वाले पियुष पिता नरेन्द्र गेहलोत 38 साल को निजी अस्पताल में परिजनों ने भर्ती कराया था। उसके हाथ में गोली लगी होने पर अस्पताल की ओर से मामले की सूचना दी। प्रधान आरक्षक प्रवीण जाट को निजी अस्पताल भेजा गया और जांच शुरू की गई। पियुष के बाये हाथ की कलाई में गोली लगना सामने आया। घायल से पूछताछ करने पर पता चला कि उसके पास अवैध पिस्टल है, जिसकी सफाई करते समय उसमें लगी गोली चल गई थी। पुलिस ने घायल के घर पहुंचकर परिजनों को थाने में उपस्थित होने की बात कहीं। चार दिन बाद पियुष की अस्पताल से छुट्टी होने पर वह खुद पिस्टल और चली गोली का खाली खोखा लेकर थाने पहुंचा। थाना प्रभारी के अनुसार अवैध पिस्टल रखने के मामले में घायल के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज उसे गिरफ्तार किया गया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि अवैध पिस्टल रखने वाले के खिलाफ पूर्व में आधा दर्जन के लभग मामले दर्ज है। 2 मामले तो पारिवारिक विवाद के सामने आये है। आरोपी पियुष नशा करने का आदी भी हो चुका है।



#### पिस्टल देने वाले की 2 साल पहले मौत

पुलिस पूछताछ में घायल आरोपी पियुष ने बताया कि उसने पांच साल पहले पिस्टल पंवासा में रहने वाले भय्यू से खरीदी थी। पुलिस ने भय्यू की जानकारी जुटाई तो पता चला कि 2 साल पहले उसकी मौत हो चुकी है। जिसके चलते अवैध हथियार के संबंध में आगे की जानकारी सामने नहीं आ पाई। पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध हथियारों की सूचना प्राप्त हो तो तत्काल नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करें। अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## पतंगबाजों से प्रतिबंधित चाइना डोर की 12 रील बरामद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मकर संक्रांति पर चाइना डोर से पतंगबाजी ना हो इसको लेकर प्रशासन ने 2 माह का प्रतिबंध लगा रखा है। पुलिस लगातार प्रतिबंधित डोर से कोई जनहानि ना हो इसको लेकर मैदान संभाले हुए है। मकर संक्रांति का पर्व पतंग उत्सव 2 दिन पहले समाप्त हो चुका है, बावजूद इसके शहर में पतंगबाजी हो रही है। पुलिस भी नजर बनाये हुए है। इसी दौरान जीवाजीगंज थाना पुलिस को सूचना मिली कि वाल्मिकी धाम के पास खुले मैदान से कुछ युवक पतंग उड़ा रहे है, उनके पास चाइना डोर है। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और डोर को परखा। पांच नाबालिग चाइना डोर से पतंगबाजी कर रहे थे। सभी को हिरासत में लिया गया और थाने लाकर पूछताछ की गई। उनके पास से 10 प्रतिबंधित चाइना डोर की रील बरामद हो गई। पुलिस ने सर्कल भ्रमण के दौरान ऋणमुक्तेश्वर ब्रिज के पास भी एक युवक को पतंग उड़ाते देखा तो उसकी डोर को चैक किया। युवक भी प्रतिबंधित डोर से पतंग उड़ा रहा था। उसके पास से 2 रील बरामद की थाने लाया गया। जहां पूछताछ में उसका नाम राजवीर पिता पुरूषोत्तम बाघेला 20 साल निवासी ढोली गली भैरूनाला सामने आया। नाबालिगों और युवक से 12 प्रतिबंधित डोर की रील बरामद होने पर सभी के खिलाफ जिलाधीश के आदेश का उल्लघंन करने की धारा में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। शहर में मकर संक्रांति के बाद 26 जनवरी तक पतंगबाजी का क्रम बना रहता है। चाइना पर प्रतिबंध लगा होने पर पुलिस अब भी मुस्तैद है। ताकि किसी के साथ गला कटने की घटना ना हो।

# बलात्कारी को मरते दम तक सलाखों में रहने की सजा

### मां-बेटी का बनाया था वीडियो, 28 माह बाद आया फैसला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महिला को घर में अकेला पाकर बलात्कार करने और वीडियो बनाने के बाद महिला की बेटी को दिखाकर उसे भी अपनी हैवानियत का शिकार बनाने वाले आरोपी को न्यायालय ने शेष प्राकृत जीवनकाल जेल की सलाखों में रखने की सजा से दंडित किया है।

भैरवगढ़ क्षेत्र में रहने वाले शाहरूख पिता जमील छीपार के खिलाफ 7 सितंबर 2023 को महिला थाना पुलिस द्वारा धारा 376 (2) के साथ 5/एल, 6 पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। 28 माह बाद शनिवार को विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए आरोपी शाहरूख को आजीवन शेष प्राकृत जीवनकाल (मृत्यु तक) कारावास में रखने की सजा सुनाई। आरोपी को 10 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया गया है। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि 7 सितंबर 2023 को महिला द्वारा शिकायत में बताया था कि वह शाहरूख को 3 साल से पहचानती है। वह घर पर काम करने आता था। ढाई साल पहले घर पर कोई नहीं था उस दौरान उसने अकेला पाकर पानी मांगा, वह पानी लेकर लौटी तो उसने दरवाजा बंद कर दिया था और उसकी इच्छा के विरूद्ध गलत काम किया। वह काफी डर गई थी शाहरूख ने कहा कि उसने मोबाइल से वीडियो बना लिया है। अब जब भी बोलू मेरे पास आना होगा। नहीं तो वीडियो वायरल कर देगा। उसने वीडियो दिखाया, जिसके चलते वह डर कर जैसा वह कहता था करने लगी। कुछ दिनों बाद शाहरूख की पत्नी ने उसके मोबाइल में उक्त वीडियो देख लिया और पति को भेज दिया। वीडियों देखने पर उसमें मेरी बेटी पर दिखाई दी। बेटी से पूछने पर उसने बताया कि मम्मी का वीडियो बताकर डराया था और वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ भी गलत किया था। मीडिया सेल प्रभारी के अनुसार प्रकरण में अनुसंधान के दौरान प्रभारी उप निदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के द्वारा थाना प्रभारी को अनुसंधान में विधिक परामर्श एवं साक्ष्य संकलन में मागदर्शन प्रदान किया। वहीं पैरवी सूरज बछेरिया विशेष लोक अभियोजक द्वारा की गई।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com